राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 282, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 25 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

राष्ट्रकवि स्वर्गीय श्री रामधारी सिंह दिनकर की 50वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए .... पेज 03

बहन की शादी के मंडप में भाई की पीट-पीटकर हत्या, बहन की शादी के मंडप में भाई की .... पेज 05

सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर कायम .... पेज 07

## ईसी ने पीएम की स्पीच के खिलाफ जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** इलेक्शन कमीशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बांसवाड़ा में दिए गए बयान की जांच शुरू कर दी है। पीएम मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। साथ ही पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। पीएम के इस बयान के खिलाफ कांग्रेस और CPI-



M ने चुनाव आयोग में अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई थीं। कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन से अपील की थी कि पीएम मोदी के 'संपत्ति का बंटवारा' वाले बयान पर एक्शन लें। कांग्रेस ने इस बयान को विभाजनकारी, दुर्भावना से भरा और समुदाय विशेष को टारगेट करने वाला बताया था।

### अभाविप ने की जीपीएटी के लिए शुल्क वृद्धि को वापस लेने की मांग

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) की ओर ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी) के लिए की गयी ऑनलाइन आवेदन शुल्क में वृद्धि पर एतराज जताया है और एनबीईएमएस अध्यक्ष से शुल्क बढ़ोतरी को कम करने की मांग की है। गौरतलब है कि एनबीईएमएस मास्टर ऑफ फार्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेश को इच्छुक योग्य उम्मीदवारों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए जीपीएटी के ऑनलाइन आवेदन शुल्क में भारी बढ़ोतरी की गई है।

## वीवीपैट वेरिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

### कहा- चुनाव कंट्रोल नहीं कर सकते; डेटा के लिए ईसी पर भरोसा करना होगा

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की 100 प्रतिशत क्रॉस-चेकिंग की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया।

जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि हम मेरिट पर दोबारा सुनवाई नहीं कर रहे हैं। हम कुछ निश्चित स्पष्टीकरण चाहते हैं। हमारे कुछ सवाल थे और हमें जवाब मिल गए। फैसला सुरक्षित रख रहे हैं। इस मामले में सुनवाई आज 40 मिनट सुनवाई चली। दरअसल इस केस में याचिकाकर्ताओं की तरफ से



एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से हैं। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से अब तक एडवोकेट मनिंदर सिंह, अफसरों और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद रहे हैं।

इससे पहले 18 अप्रैल को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने 5 घंटे वकीलों और चुनाव आयोग की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा था कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपैट से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है।

इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते।

# दूसरे चरण का प्रचार थमा

### मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी

- इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।
- इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं।




नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा।

इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा। मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी।

निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी सक्रिय रूप से प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया।

कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी , प्रियंका गांधी , कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी तथा पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भी जोर-शोर से चुनाव प्रचार किया।

दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों में जहां वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगी, वहीं तीन केंद्रीय मंत्री और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। राजस्थान के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों के भाग्य का फैसला भी जनता 26 अप्रैल को ही तय करेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख दांव पर है। श्री कुमारस्वामी की पार्टी जनता दल (सेक्युलर) का भाजपा के साथ गठबंधन हैं। केरल की तिरुअनंतपुरम सीट भी चर्चा में है, जहां से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर से है। राजस्थान की जोधपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा से तीसरी बार चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मथुरा सीट से हेमा मालिनी और मेरठ सीट से धारावाहिक रामायण का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

### मोदी ने अमीरों के 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर गरीबों का हक मारा : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड रुपए का कर्ज़ माफ कर गरीबों का हक़ छीना है। गांधी ने यहां जारी एक बयान में आज कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने अरबपति मित्रों का 1,60,00,00,00,00,000 मतलब 16 लाख करोड़ रुपया कर्ज़ा माफ किया है। उनका कहना था कि इतनी रकम का कर्ज माफ कर मोदी ने देश के करोड़ों गरीबों के हक़ को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को एक लाख रुपये साल की नौकरी मिल सकती थी और 16 करोड़ महिलाओं को एक लाख रुपये साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा सकती थी तथा 10 करोड़ किसान परिवारों का कर्ज़ माफ कर अनगिनत आत्महत्याएं रोकी जा सकती थी। गांधी ने कहा कि इतनी रकम से पूरे देश को 20 वर्षों तक मात्र 400 रू में गैस सिलेंडर दिया जा सकता था और तीन साल तक भारतीय सेना का पूरा खर्च उठाया जा सकता था। इसके साथ ही दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज के हर युवा की ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई मुफ्त की जा सकती थी।

**विरोध प्रदर्शन**



एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने हुबली में बीवीबी कॉलेज परिसर के बाहर कॉलेज छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या पर विरोध प्रदर्शन किया।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन ने खटखटाया उच्चतम न्यायालय का दरवाजा

नई दिल्ली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तारी के बाद करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश पारित करने में देरी का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना



की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया।इस पर पीठ ने कहा कि शीघ्र सुनवाई के मामले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ कोई विचार कर सकते हैं। सिब्बल ने पीठ के समक्ष विशेष उल्लेख के दौरान कहा कि इस मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय ने 27 और 28 फरवरी को की थी, लेकिन अभी तक कोई आदेश पारित नहीं किया गया है।

## डंपर से भिड़ी स्कॉर्पियो, परिवार के 5 लोगों की मौत

### इसमें 3 बच्चे भी शामिल; नागौर के रानाबाई मंदिर जा रही थी फैमिली

डेगाना (नागौर)। नागौर में डंपर ने स्कॉर्पियो कार को टक्कर मार दी। हादसे में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। 5 लोग घायल हो गए। घायलों का जयपुर और अजमेर के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हादसा बुधवार दोपहर 2 बजे नागौर में डेगाना उपखंड के हरसौर गांव में किसान तिराहे पर हुआ। थांवला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार- स्कॉर्पियो में जोधपुर के भोपालगढ़ में रिजनाली गांव के रहने वाले 10 लोग सवार थे। ड्राइवर के अलावा सभी एक ही परिवार के थे। ये लोग भोपालगढ़ से नागौर के परबतसर स्थित गांव हरनावा




में रानाबाई मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार, कार में सवार तीन बच्चों, एक महिला और एक युवक की मौत हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों और शवों को कार से बाहर निकाला। घायलों में कार के ड्राइवर और उसके बगल वाली सीट पर बैठे व्यक्ति की हालत गंभीर थी, जिन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। अन्य घायलों को अजमेर के जिला अस्पताल ले जाया गया।

मौके पर पहुंचे डेगाना डीएसपी रामेश्वर सहारण ने बताया- सभी शवों को हरसौर सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया है। परिवार के लोग सूचना पर अस्पताल पहुंचे। परिजन मुख्यमंत्री सहायता कोष से मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। डंपर चालक मौके से फरार हो गया। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का एक और कैंप ध्वस्त

नारायणपुर । छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र में बुधवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के कैंप पर धावा बोलकर कैंप को ध्वस्त कर दिया। जवानों के पहुंचने के पहले ही सारे नक्सली मौके से भाग निकले। पुलिस ने मौके से बम बनाने का सामान सहित अन्य विस्फोटक सामान बरामद किए हैं। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से इनपुट मिला था कि अबूझमाड़ के बड़ेरायनार के जंगल और पहाड़ में नक्सलियों की मौजूदगी है। इस सूचना पर जिला पुलिस बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ की 16वीं बटालियन की संयुक्त टुकड़ी को मौके के लिए रवाना किया गया।

## रामदेव-बालकृष्ण ने विज्ञापन केस में दूसरा माफीनामा छपवाया

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- साइज ऐसा न हो कि माइक्रोस्कोप से पढ़ना पड़े

नई दिल्ली। पतंजलि, बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने बुधवार (24 अप्रैल) को अखबारों में एक और माफीनामा छपवाया। इसमें बिना शर्त कोर्ट से माफी मांगी गई है। पतंजलि पर अखबारों में विज्ञापन देकर एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार करने का आरोप है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

पतंजलि ने बुधवार को छपवाए माफीनामे में लिखा- हमसे विज्ञापनों को प्रकाशित करने में हुई गलती के लिए ईमानदारी से बिना शर्त माफी मांगते हैं। ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। हम सावधानी के साथ सुप्रीम



कोर्ट के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं।

इससे पहले 22 अप्रैल को भी पतंजलि ने 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया था और भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने की बात कही थी। पतंजलि ने 23 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच को इसकी जानकारी दी थी।


जस्टिस हिमा कोहली ने पतंजलि से पूछा था- आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस माफीनामे का भी साइज वही था ? कृपया इन विज्ञापनों की कटिंग ले लें और हमें भेज दें। इन्हें बड़ा करने की जरूरत नहीं है। हम इसका वास्तविक साइज देखना चाहते हैं।

जस्टिस कोहली ने कहा था- जब आप कोई विज्ञापन प्रकाशित करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि हम उसे माइक्रोस्कोप से देखेंगे। सिर्फ पन्ने पर न हो, पढ़ा भी जाना चाहिए। पतंजलि, बाबा रामदेव और बालकृष्ण अगले दो दिन में ऑन रिकॉर्ड माफीनामा जारी करें, जिसमें लिखा हो कि उन्होंने गलती की। मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

**निर्देश जारी**

**ऑनलाइन खाते खोलने पर भी रोक, खामियों को दूर नहीं कर रहा था बैंक**

## कोटक महिंद्रा बैंक नए क्रेडिट कार्ड जारी नहीं कर सकेगा




**एजेंसी**

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोकने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने पर रोक लगा दी गई है।

बैंक पर ये प्रतिबंध लगाने का कारण बताते हुए आरबीआई ने कहा कि 2022 और 2023 के बीच उसने पर्याप्त आईटी इंफ्रास्टक्चर नहीं होने को लेकर बैंक को अपनी चिंता जताई थी, लेकिन बैंक इन कमियों को दूर करने में लगातार विफल रहा।

बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 के सेक्शन 35ए की तहत आरबीआई ने अपनी पावर का इस्तेमाल करते हुए कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ यह कार्रवाई की है। हालांकि, जो लोग बैंक के पहले से ग्राहक है उन्हें पहले की तरह सभी सर्विसेज मिलती रहेंगी।

**आरबीआई ने तीन और बड़ी बातें कही...**

आरबीआई को बैंक के आईटी इन्वेंट्री मैनेजमेंट, यूजर एक्सेस मैनेजमेंट, वेंडर रिस्क मैनेजमेंट, डेटा सिक्योरिटी और डेटा लीक प्रिवेंशन स्टैटजी जैसे क्षेत्रों में गंभीर कमियां मिली थी। लगातार दो साल तक ऐसा देखा गया, लेकिन बैंक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया।

मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम और इसके ऑनलाइन और डिजिटल बैंकिंग चैनल में पिछले दो साल में लगातार आउटेज देखा गया। लेटेस्ट आउटेज 15 अप्रैल को हुआ था, जिससे ग्राहकों को असुविधा हुई।

अब लगाए गए प्रतिबंधों की समीक्षा बैंक के एक्सटर्नल ऑडिट के बाद की जाएगी। इस एक्सटर्नल ऑडिट के लिए बैंक को आरबीआई की पहले से मंजूरी लेनी होगी। बैंक को आरबीआई के इन्सपेक्शन और एक्सटर्नल ऑडिट में बताई गई सभी कमियों को भी दूर करना होगा।

### हलफनामे के लिए केजरीवाल को कोर्ट से समय मिला

नई दिल्ली। ईडी ने एक मैजिस्टेरियल कोर्ट में शिकायत दर्ज की थी कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एजेंसी के समन का जवाब नहीं दिया। इसके बाद मैजिस्टेरियल कोर्ट ने खुद केजरीवाल को समन जारी किया था ।मैजिस्टेरियल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने के लिए केजरीवाल ने स्पेशल कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका पर ईडी ने जवाब दाखिल किया, लेकिन केजरीवाल के वकील ने ईडी के जवाब पर प्रतिक्रिया देने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। वकील ने कहा कि केजरीवाल के जेल में होने की वजह से उनसे निर्देश नहीं ले पा रहे हैं। स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को केजरीवाल को जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का वक्त दिया है।

## राजौरी हत्याकांड के पीछे विदेशी आतंकवादी अबू हमजा

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया

**एजेंसी**

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 22 अप्रैल की रात आतंकियों ने टारगेट किलिंग को अंजाम दिया था। मामले की जांच कर रही जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार (23 अप्रैल) को दावा किया कि इस हमले के पीछे विदेशी आतंकवादी अबू हमजा का हाथ है। यह उसका कोडनेम है। वो प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (स्द्भज्ञ) से है।

पुलिस ने अबू हमजा की जानकारी देने पर 10 लाख रुपए का इनाम भी घोषित कर दिया है। पुलिस ने अबू हमजा (32) का पोस्टर भी जारी किया है। साथ ही बताया है हमले के दौरान वह भूरे रंग की शॉल के साथ पठानी सूट पहना हुआ था। उसके पास नारंगी रंग का बैग था।

पुलिस ने जानकारी दी है कि अबू शदरा शरीफ और डेर की गली इलाकों में एक्टिव है। वो यहां हुए कई आतंकवादी घटनाओं में शामिल रहा है। उसके बारे में जो भी जानकारी देगा उसकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

राजौरी में 22 अप्रैल की रात आतंकियों ने एक घर पर फायरिंग की थी। इसमें 40 साल के मोहम्मद रज्जाक की मौत हो गई थी। वे कुंडा टोपे शाहदरा शरीफ के रहने वाले थे। रज्जाक के भाई सेना में जवान हैं।

नई दिल्ली
गुरुवार 25 अप्रैल 2024
www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### मोह मोल त्योहार की पूर्व संध्या पर दी शुभकामनाएं

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक ने मोह मोल त्योहार की पूर्व संध्या पर राज्य के लोगों, विशेषकर तांगसा समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री परनायक ने आशा व्यक्त की कि चांगलांग जिले के तांगसा समुदाय का त्योहार सभी के लिए शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और समृद्धि लायेगा। उन्होंने कहा कि मोह-मोल मूल रूप से कृषि से संबंधित त्योहार है, जो कृषि गतिविधि के अंत या फसल के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है। प्राचीन काल से, तांगसा समुदाय ने इन प्राचीन परंपराओं को कायम रखा है। वे इस त्योहार को बेहद खुशी और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाते हैं। श्री परनायक ने कहा, मुझे आशा है कि यह सराहनीय परंपरा राज्य और तांगसा लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हुए भविष्य में भी कायम रहेगी। उन्होंने कहा, मैं इस खुशी के अवसर पर अपने तांगसा भाइयों के साथ भरपूर फसल, धन और नोंग संस्कृति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करता हूं। राज्यपाल ने गुमकुम गुम्पा उत्सव पर पुरोइक समुदाय को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उत्सव समुदाय के सदस्यों और राज्य की अन्य जनजातियों के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करता रहेगा।

### पर्यटकों से भरी पहली मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची टनकपुर, हुआ भव्य स्वागत

टनकपुर/नैनीताल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पर्यटन के लिहाज से केदारखंड की तर्ज पर मानसखंड परियोजना रंग लाने लगी है। पहली मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन पुणे से पर्यटकों को लेकर बुधवार को टनकपुर पहुंची। रेलवे और उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के सहयोग से संचालित मानसखंड यात्रा के पहले दल में 281 पर्यटक शामिल हैं। टनकपुर पहुंचने पर पर्यटकों का जिला प्रशासन की ओर से परंपरागत ढंग से भव्य स्वागत किया गया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट के अनुसार दल के सभी पर्यटकों को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला दल आज मां पूर्णागिरी के दर्शन के साथ कुमाऊं (मानसखंड) की सैर पर निकला। यह दल भीमताल, अल्मोड़ा, जागेश्वर धाम, पिथौरागढ़, लोहाघाट, चंपावत और नाकमत्ता की सैर कर वापस टनकपुर पहुंचेगा। दूसरा दल आज नानकमत्ता गुरूद्वारा के दर्शन के साथ मानसखंड के दर्शन के लिए निकला है। प्रदेश सरकार की ओर से पर्यटकों की सुविधा के लिये विशेष इंतजाम किये गये हैं। इसके लिये सभी अधिकारियों को विशेष हिदायत दी गयी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने केदारखंड की तर्ज पर कुमाऊं के मानसखंड का विकास किया जा रहा है।

### कांग्रेस का घोषणा पत्र बहुसंख्यकों व सामाजिक ताने बाने के विरुद्ध : पासी

नैनीताल। भारतीय जनता पार्टी के नेता और तराई बीज विकास निगम के अध्यक्ष बलराज पासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र बहुसंख्यको के लिए घातक होने के साथ ही देश के सामाजिक ताने बाने को नष्ट करने वाला है। भाजपा नेता ने यह बात हल्द्वानी में पार्टी के कुमाऊं संभाग कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस 60 के दशक से तुष्टिकरण की राजनीति करती आ रही है और उसने इसे चुनाव जीतने का हथियार बनाया है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने विकास का एजेंडा तय कर कांग्रेस को पराजित किया। अब कांग्रेस फिर से तुष्टिकरण के आधार पर सत्ता हथियाना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी इस ओर इशारा कर कहा कि कांग्रेस और इंडिया समूह की मंशा सर्वे के नाम पर जनता की कमाई और संपत्ति हथियाने की। उन्होंने तुष्टिकरण को कांग्रेस के घोषणापत्र का हिडन एजेंडा बताते हुए कहा कि उसके घोषणा पत्र से स्पष्ट है कि कांग्रेस जातियों, उप-जातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की गणना के नाम पर अपना तुष्टिकरण का एजेंडा चलाना चाहती है।

### कांगड़ा जिला में 1054 मतदान केंद्रों पर होगी वेबकॉस्टिंग की सुविधा: बैरवा

धर्मशाला। लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत कांगड़ा जिला के पंद्रह विधानसभा क्षेत्रों में 1054 मतदान केंद्रों वेबकास्टिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी ताकि निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक तरीके से मतदान प्रक्रिया को संपन्न किया जा सके। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने बुधवार को कांगड़ा, शाहपुर, ज्वाली विस क्षेत्रों में पोलिंग बूथों का निरीक्षण करने के उपरांत दी। उन्होंने सहायक रिर्टनिंग अधिकारियों तथा बूथ लेवल अधिकारियों को पोलिंग बूथ में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए आदेश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के बेहतर प्रबंधन के लिए अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास करवाया जा रहा है ताकि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित हो सके। बैरवा ने बताया मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में पार्टी बूथ लगाने पर प्रतिबंध होगा और मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रचार पर प्रतिबंध है। साधारण पार्टी बूथ को 200 मीटर से अधिक दूरी पर एक मेज और दो कुर्सियों और तिरपाल के साथ बिना किसी प्रचार सामग्री के स्थापित किया जा सकता है। परिसर में पार्टी और उम्मीदवार के नाम और प्रतीक वाले बैज, टोपी, शॉल, मफलर आदि की अनुमति नहीं है।

### आधी रात को सोमभद्रा नदी में पुलिस की दबिश, छह वाहन जब्त

ऊना। हिमाचल के ऊना पुलिस को अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने सोमभद्रा नदी में मंगलवार आधी रात को छापेमारी करते हुए अवैध खनन में संलिप्त एक जेसीबी मशीन और पांच ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। पुलिस विभाग की टीम ने इन सभी वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस लाइंस झलेड़ा पहुंचा दिया है जबकि घटना के संबंध में तहकीकात शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि जिला में अवैध खनन का मुद्दा लगातार ज़ोर पकड़ रहा है। अवैध खनन को लेकर भाजपा भी प्रदेश सरकार पर हमलावर रही है। दूसरी तरफ पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, किसी को भी नियमों से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जाएगी। ऊना में अवैध खनन को लेकर लगातार तेज हो रही सियासी गर्मी के बीच पुलिस ने खनन माफिया पर बड़ा प्रहार करते हुए करीब छह वाहनों को कब्जे में लेकर बड़ी सफलता हासिल की है। मंगल और बुधवार के मध्य रात्रि की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शहर के करीबी घालुवाल स्थित स्वां (सोमभद्रा) नदी में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर डाली। इस दौरान नदी के बीचो-बीच एक जेसीबी मशीन को उतार कर अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। जबकि पांच ट्रैक्टर खनन सामग्री को बाहर ले जाने के काम में लगे थे।

### सारण में पिकअप की चपेट में आने एक युवक की मौत, दो घायल




छपरा। बिहार में सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में पिकअप वैन ने तीन मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बक्सर जिले के निवासी फरमुद्दीन (44) अपने मोटरसाइकिल से अपनी ड्यूटी पर दाउदपुर थाना क्षेत्र के कोहड़ा बाजार विद्यालय जा रहे थे। इसी दौरान मांझी जयप्रभा सेतु के समीप अनियंत्रित पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। इस घटना के बाद भाग रहे पिकअप वैन चालक ने एक अन्य मोटरसाइकिल सवार को भी टक्कर मार दी, जिससे बक्सर निवासी प्रमोद कुमार सहनी का पुत्र सचिन कुमार सहनी और आशुतोष कुमार का पुत्र बिनायक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को बेहतर चिकित्सा के लिए पटना भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि पिकअप वैन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

# गौतमबुद्ध नगर में थमा चुनाव प्रचार

## नोएडा में कोई भी बड़ा नेता प्रचार करने नहीं आया, 70 प्रतिशत आबादी नौकरी पेशा और बाहरी

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में आज शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। नोएडा विधानसभा सीट पर सबसे ज्यादा मतदाता है। इसके बाद भी प्रत्याशियों ने यहां चुनाव प्रचार से अपने को दूर रखा। आचार संहिता लगने और प्रत्याशियों की घोषणा के बाद एक भी प्रत्याशी नोएडा में मतदाता तक नहीं पहुंचा।

सिर्फ उनके कार्यकर्ता ही प्रचार में दिखाई दिए। इसके उलट खुर्जा, सिकंदरा बाद, दादरी , जेवर में जन सभा के साथ दिग्गज नेताओं ने जमकर प्रचार किया।

ऐसा क्यों हुआ ? इसकी पीछे भी बड़ी वजह है। दरअसल गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर इस बार 26.75 लाख मतदाता है। इसमें सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा विधानसभा में 7,82,872 मतदाता हैं। इस विधानसभा सीट को बीजेपी का कोर वोटर माना जाता है।

इन्हीं वोटर की मदद से ही बीजेपी लोकसभा ओर विधानसभा में यहां रिकार्ड मतों से जीतती आ रही है। बाकी प्रत्याशियों के मत और उनके सलाहकारों ने यही आंकड़ा फिट बैठया। इसलिए तीनों प्रमुख पार्टी की नजर गौतमबुद्धनगर के देहात क्षेत्र के 16 लाख वोटर को साधने पर टिकी रही।




एक प्रत्याशी ने बताया कि वो दिन में करीब 200 से 250 किमी तक का सफर तय कर रहे हैं। उनके सारे कार्यक्रम भी देहात क्षेत्र में है। एक अन्य प्रत्याशी ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के 1208 गांव में 1108 गांव में प्रचार और संपर्क किया जा चुका है। 100 गांव बचे है।

इन पर भी संपर्क किया जा रहा है। नहीं पहुंचे तो भी फोन के जरिए यहां मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। सवाल अब भी यही है कि नोएडा की सकरी गलियों में वोट क्यों नहीं मांगा जा रहा। इसे ऐसे भी समझे।

### नोएडा में जातीय समीकरण का फैक्टर लागू नहीं, 70 प्रतिशत बाहरी

नोएडा में 782872 मतदाता है। जिसमें 70 प्रतिशत आबादी नौकरी पेशा है और वो यहां बाहर आकर बसें है।

जिसे जातिगत समीकरण से मतलब नहीं है। उनका मानना है कि उन्हें मूलभूत सुविधा मिलती रहे। एक बड़ा मुद्दा यहां है बिल्डर बायर्स का जिसके लिए कैंपेन नो रजिस्ट्री नो वोट चलाया गया। इसके अलावा साफ-सफाई, ट्रैफिक यानी स्थानीय मुद्दे है। जिन पर अक्सर चर्चा होती रहती है। यहां के गांवों में जातिगत समीकरण भी ठीक नहीं बैठते क्योंकि अधिकांश गांव में भी फ्लैट कल्चर आ चुका है।

### 50 किमी दूर दादरी यहां विकास और जाती दोनों फैक्टर

इसके अलग जेवर ,दादरी, सिकंदरा बाद और खुर्जा में जातीय समीकरण और विकास दोनों ही फैक्टर है। दादरी के लोगों का कहना है कि यूपी के शो विंडो से महज 50 किमी से कम दूरी होने पर भी दादरी का विकास अब तक नहीं हो सका। यहां अस्पताल से लेकर विश्वविद्यालय तक नहीं है।

सड़क भी नोएडा के मुकाबले बेहतर नहीं है। यही स्थित सिकंदराबाद और खुर्जा की है। जबकि दोनों ही इंडस्ट्रियल जोन में आते है। यहां आबादी अब भी पुरानी है। इसलिए जातीय फैक्टर यहां लागू है। इसी को साधने का प्रत्याशी प्रयास करते दिखे।

### इस लिए नहीं आए नोएडा, साठा-84 गांवों पर रही सबकी नजर

इस बार राजनीति का केंद्र साठा-84 गांव ही रहे। ये गांव ठाकुर बाहुल्य है। इनको साधने के लिए यहां प्रयास किया गया।

ठाकुर प्रत्याशियों के टिकट काटने चलते ये तबक़ा बीजेपी से नाराज है। जगह-जगह इनके जरिए सम्मेलन किए जा रहे है। इस समाज को साधने का प्रयास सभी प्रत्याशियों के दिग्गज नेताओं ने किया।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीम मायावती, रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह तीनों ने ही ठाकुर समाज को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी उनके भाषण में ठाकुर समाज से नाराजगी दूर करने वाले वक्तव्य दिखे।

# नोएडा की प्रिंटिंग कंपनी में लगी आग

## 8 दमकल की गाड़ियों ने डेढ़ घंटे बाद पाया काबू



**नोएडा।** नोएडा में गर्मी के साथ आग की घटना बढ़ रही है। मंगलवार रात करीब 1 बजे सेक्टर-63 की एक कंपनी में आग लग गई। कंपनी में प्रिंटिंग का काम होता है। आग कंपनी के बेसमैंट में लगी। मौके पर पहुंची आठ दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जन हानि नहीं हुई है। बेसमैंट, पहले और दूसरे तल पर भारी नुकसान हुआ है। यहां रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगा।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-63 में देवेंद्र एंड संस नाम की एक फैक्ट्री है। इसमें प्रिंटिंग का काम किया जाता है। देर रात करीब एक बजे दमकल विभाग को सूचना मिली कि फैक्ट्री के बेसमैंट में आग लग गई है। गार्ड ने ही इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। केमिकल और प्रिंटिंग का सामना होने की वजह से आग तेजी से फैली उसने प्रथम और दूसरे तल को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद फैक्ट्री के शीशे तोड़े गए। मौके पर एक-एक करके 8 दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि रात होने की वजह से सिर्फ गार्ड ही यहां था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग बुझाने के दौरान अलग-बगल वाली कंपनियों पर पानी का छिड़काव किया गया। इस दौरान बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी। अब बिजली के तारों को रिपेअर कर दोबारा सप्लाई दी जा रही है। आग से लाखों का मॉल जलकर राख हो गया।

# अवैध कॉलोनी तोड़ने गई टीम पर पथराव

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के सुनपुरा गांव में अवैध रूप से बसाई गई कॉलोनी को ध्वस्त करने पहुंची प्राधिकरण की टीम पर हमला किया जाने का मामला सामने आया है। पुलिस का दावा है कि प्राधिकरण की टीम बिना सूचना दिए गांव में पहुंची थी। इस बीच कॉलोनाइजरों के गुर्गों ने टीम पर पथराव किया। प्राधिकरण की जेसीबी में तोड़फोड़ करने का आरोप है।

इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।प्राधिकरण के जेई राजीव ने सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली में लिखित शिकायत दी है। जेई राजीव ने पुलिस को बताया कि सोमवार को प्राधिकरण की टीम अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इस बीच कॉलोनाइजरों ने प्राधिकरण की टीम पर हमला बोल दिया। प्राधिकरण की जेसीबी मशीन में तोड़फोड़ की गई। किसी तरह कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। प्राधिकरण के जेई ने कोतवाली में लिखित शिकायत देकर हमला करने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि प्राधिकरण की टीम द्वारा गांव में जाने की कोई सूचना नहीं दी गई थी। बिना पुलिस व्यवस्था के प्राधिकरण की टीम गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। गांव में प्राधिकरण की टीम पर हमले की पुलिस को कोई जानकारी भी नहीं मिली है। प्राधिकरण की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 25 और 26 को डीएससी रोड पर रहेगा डायर्वजन

## माल वाहक वाहन रहेंगे प्रतिबंधित, दिक्कत होने पर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें



एजेंसी

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले की लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में पोलिंग पार्टियों के रवाना और वापसी के दौरान सेक्टर-88 फूल मंडी के आसपास की सड़कों पर गुरुवार और शुक्रवार को वाहनों के रास्तों में बदलाव होगा। इसको लेकर यातायात पुलिस ने योजना तैयार कर ली है। यातायात से संबंधित दिक्कत होने पर लोग हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं। डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव ने बताया कि फूल मंडी के आसपास आंतरिक सड़कों पर निर्वाचन से संबंधित वाहनों को छोड़कर अन्य सभी तरह के वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

फूल मंडी तिराहे से गेट नंबर-3, 4, और 2 के सामने से लेकर सेक्टर-88 कैंट आरओ चौक तक रास्ता पूरी तरह बंद रहेगा। इस रास्ते पर केवल अधिकारियों के वाहन चल सकेंगे।

डीसीपी यातायात ने बताया कि फूल मंडी के सामने दादरी-छलेरा-सूरजपुर (डीएससी) रोड पर दोनों तरफ 25 अप्रैल को सुबह सात से रात 10 बजे तक और 26 अप्रैल को सुबह सात से रात 12 बजे तक सभी तरह के माल वाहक वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने बताया कि सूरज पुर से फेज टू की तरफ आने वाले माल वाहक वाहन कच्ची सड़क तिराहे से दाहिने टर्न कर औद्योगिक एरिया रास्ते से होकर गंतव्य को जा सकेंगे। भंगेल से सूरज पुर की तरफ जाने वाले वाहन गेझा तिराहे से दाहिने टर्न कर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे, परी चौक होकर गंतव्य को जा सकेंगे।

फूल मंडी से सेक्टर-88 चौक तक जाने वाले लोग फेज टू तिराहे से लावा कंपनी तिराहा होकर गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

### चुनाव में लगे कर्मियों के लिए ये होगी पार्किंग व्यवस्था

सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के वाहन फूल मंडी गेट नंबर-1 से प्रवेश कर परिसर के अंदर गेट नंबर-2 के पास खाली जगह पर वाहन खड़े कर सकेंगे

ईवीएम वितरण और जमा करने वाले कर्मचारियों के वाहन फूल मंडी के गेट नंबर-1 से प्रवेश कर परिसर के अंदर दुकान संख्या-सी-26 और बी-23 के सामने बने पक्के चबूतरे के बीच बनी पार्क में वाहन खड़े कर सकेंगे

भंगेल की तरफ से आने वाले सीपीएमएफ और पुलिस के वाहन डीएससी रास्ते पर फेज टू तिराहे से कैंट आरओ सेक्टर-88 चौक से दाहिने टर्न कर पुश्ता की ओर डिवाइडर युक्त मार्ग पर बनी पार्किंग में वाहन खड़े हो सकेंगे

सूरजपुर की तरफ से आने वाले पुलिसकर्मियों के वाहन सेक्टर-88 चौक तक डिवाइडर युक्त रास्ते पर बनी पार्किंग में वाहन एक लेन में खड़े हो सकेंगे।

# महामाया-चिल्ला व डीएनडी लूप पर कैमरों से होगी निगरानी

नोएडा। महामाया से चिल्ला बॉर्डर तक नोएडा-दिल्ली लिंक रोड व डीएनडी के सभी लूप पर इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएम) के तहत कैमरे लगाए जाएंगे। नोएडा-दिल्ली के बीच इन मार्गों पर रोजाना करीब 25 लाख से अधिक वाहनों की आवाजाही होती है। इस कारण ट्रैफिक को नियंत्रित करना भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसे दूर करने के लिए ट्रैफिक विभाग ने 20 स्थानों को चिन्हित कर करीब 100 सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव प्राधिकरण को भेजा था, अब इस पर काम शुरू कर दिया गया है। दरअसल, नोएडा ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों ने महामाया से चिल्ला



बॉर्डर तक करीब चार किलोमीटर के टुकड़े को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में लेने के लिए प्रस्ताव भेजा था। सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद इसे आईएसटीएमएस से जोड़ दिया जाएगा। जिसके बाद चिल्ला बॉर्डर से एक्सप्रेसवे तक सेक्टर-94 स्थित इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल रूम से ट्रैफिक की बेहतर निगरानी की जा सकेगी। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए जाम की समस्या भी दूर हो जाएगी। ट्रैफिक विभाग ने नोएडा प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजकर इन मार्गों पर बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था की बेहतर निगरानी के साथ सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उच्च क्षमता वाले नंबर प्लेट रीड (एनपीआर) कैमरे, सर्विलांस कैमरे समेत उच्च क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा था। नोएडा प्राधिकरण की ट्रैफिक सेल ने इस प्रस्ताव को मंजूर कर इस पर काम शुरू कर दिया है।

### अभी सिर्फ महामाया व चिल्ला पर लगे हैं सीसीटीवी

आईएसटीएमएस में तैनात अधिकारियों के मुताबिक, इस मार्ग पर अभी सिर्फ महामाया फ्लाईओवर और चिल्ला बॉर्डर पर ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इस वजह से इन दोनों प्वाइंट के बीच जाम लगने पर इसकी मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है। सीसीटीवी कैमरे लगने से व्यवस्था में सुधार आएगा। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव का कहना है कि महामाया से चिल्ला बॉर्डर और डीएनडी के सभी लूपों पर कुल 20 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं।

# वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति ने दम तोड़ा

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर साइट सी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क किनारे पैदल चल रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।पुलिस के मुताबिक सूरजपुर साइट सी स्थित एक कंपनी के सुरक्षा गार्ड शिवराम सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि किसी अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी है। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को नजदीक के एक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव की पहचान का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने कंपनी के सुरक्षाकर्मी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अज्ञात वाहन और आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। इसके लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# कांग्रेस मेहनत से कमाया धन छीनना चाहती है : यादव

सागर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि कांग्रेस देश के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों सहित हम सबका मेहनत से कमाया हुआ धन छीनना चाहती है। यह लोकतंत्र में कभी नहीं हो सकता।

डॉ यादव ने सागर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश और देश के 140 करोड़ लोगों की चिंता करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। वे भारत को मान-सम्मान दिलाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हनुमानजी का जीवन सदैव त्याग करने एवं दूसरों को देने के लिए रहा वैसे ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी अपना पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने अपने वेतन, भत्तों की राशि भी अपने कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के लिए दान कर दी। उन्होंने अपने लिए कभी कुछ नहीं किया। जो भी वेतन, भत्तों की राशि आती है उसे अब गंगा मैया की सेवा में लगा रहे हैं। उन्होंने अपने लिए एक मकान तक नहीं बनाया, लेकिन देश के गरीबों को 4 करोड़ से अधिक आवास बनाकर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सागर की धरती पर भी एक ऐसे ही सर डॉ हरिसिंह गौर का जन्म हुआ था, जिन्होंने अपनी पूरी संपत्ति एक विश्वविद्यालय के लिए दे दी और आज उस विश्वविद्यालय का नाम पूरी दुनिया में है।

### पलामू लोकसभा सीट के लिए चार उम्मीदवारों ने किया नामांकन

डालटनगंज। अनुसूचित जाति के आरक्षित 13 पलामू लोकसभा चुनाव के लिए छठे दिन बुधवार को चार लोगों ने नामांकन किया। भारतीय जनता पार्टी से विष्णु दयाल राम, राष्ट्रीय जनता दल से ममता भुइयां, एयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा एवं भागीदारी पी से सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन किया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में चारों उम्मीदवारों ने निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष नामजदगी के पर्चे दाखिल किए। इससे पहले चारों उम्मीदवारों ने शहर के अलग अलग इलाकों से रैली निकालकर समाहरणालय पहुंचे।

# बांदीपोरा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़, दो जवान घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बुधवार को आतंकवादियों के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ में दो सैनिक घायल हो गए।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बांदीपोरा के अरागाम के रेन्जी वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चल रहा है। आज तड़के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी।

सूत्रों ने कहा, शुरुआती गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों को इलाके से फरार होने से रोकने के लिए हवाई निगरानी के लिए आज सुबह से हेलीकॉप्टर और ड्रोन को भी सेवा में लगाया गया है।

सेना ने कहा कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एजेंसियों की विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर पोस्ट किया, आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एजेंसियों द्वारा विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर 21 अप्रैल से सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से सामान्य क्षेत्र मुलख्यमा वन, बांदीपुर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। बुधवार सुबह क्षेत्र की घेराबंदी की गई और तलाशी अभियान चलाया गया और सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

इस महीने कश्मीर क्षेत्र में दो गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं। जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव की तैयारी चल रही है।

## शार्ट न्यूज

### 32वें राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायती राज के जनक बलवंत राय मेहता को श्रद्धासुमन अर्पित किए



दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत360 महासंघ के अध्यक्ष एवं बरवाला गांव दिल्ली के निर्वाचित पंचायत सदस्य रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज 32वें राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायती राज के जनक गुजरात के दूसरे मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री बलवंत राय मेहता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वत्स ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संवैधानिक पंचायती राज व्यवस्था वाला देश है। 24अप्रैल 1992 को 73वें संविधान संशोधन के जरिए पंचायती राज को संवैधानिक मान्यता दी गई। इससे पूर्व 2अक्टूबर 1959 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले के बगधरी गांव से पंचायती राज की शुरुआत की थी। वत्स ने कहा कि जहां सारे देश में पंचायती राज व्यवस्था लागू है वहीं देश की राजधानी दिल्ली में पंचायती राज व्यवस्था सरकार ने समाप्त कर दी थी। इसका सबसे बड़ा खामियाजा लाखों लोगों को हुआ है। सभी 360गांवों की ग्राम सभा की जमीन उप-राज्यपाल के माध्यम से डीडीए को स्थानांतरित कर दी गई। अब दिल्ली के गांवों में जन-सुविधाएं सुलभ कराने के लिए लोग डीडीए के रहमो करम पर हैं। दिल्ली का कृषि का दर्जा खत्म कर दिया गया। पूर्ण राज्य ना होने के कारण ही पूरे देश में लागू प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना दिल्ली के 360गांवों में अभी तक लागू नहीं हो सकी है। वत्स ने कहा कि दिल्ली के गांवों के लोग सरकार से फिर से दिल्ली में पंचायत बहाली की मांग करते हैं।

### गाजियाबाद में नगर निगम के ट्रक में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट क्षेत्र में हमदर्द ग्राउंड में नगर निगम के ट्रक में आग लग गई। यह सीएनजी से संचालित ट्रक था, जिसको लेकर खतरा बढ़ गया था। आग की सूचना पर फायर टेंकर दमकल कर्मियों के साथ पहुंचा। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रक में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी यह ट्रक कूड़ा डंपिंग का कार्य करता है। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन कोतवाली को सूचना मिली की थाना सिहानी गेट के लोहिया नगर क्षेत्र के हमदर्द ग्राउंड में एक ट्रक में आग लग गई है। सूचना पर एक फायर टैंकर दमकल कर्मियों की यूनिट के साथ घटनास्थल पर रवाना हुआ। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने देखा की गाड़ी से आग की लपटें काफी तेज निकल रही थी और आज पूरी तरीके से फैल चुकी थी। दमकल कर्मियों ने शीघ्रता से हौज पाइपलाइन फैलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। यह ट्रक नगर निगम का था जो कूड़ा डंपिंग का कार्य करता था। ट्रक में दो लोग मौजूद थे जो आग लगने के बाद उसमें से कूद गए थे। ट्रक आईसर कंपनी का था और सीएनजी लगी हुई थी। गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी14एफटी 6792 था। फिलहाल की पड़ताल में सामने आया है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट था।

### मोदीनगर में कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के मोदीनगर इलाके में मंगलवार देर रात कपड़ा बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फायर फाइटर्स ने पहुंचकर फैक्ट्री में फंसे चार लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। दमकल की चार गाड़ियों ने कई घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। इस अग्निकांड में लाखों रुपए का रॉ मैटेरियल जल गया। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, फायर स्टेशन मोदीनगर पर रात तीन बजे सूचना आई कि मोदीनगर में सिखेड़ा रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित हॉली स्टार एक्सपोर्ट प्राईवेट लिमिटेड में आग लग गई है। यहां पर कपड़े बनाए जाते हैं। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन मोदीनगर से अग्निशमन अधिकारी सहित दो फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग बिल्डिंग के तीनों फ्लोर पर फैली हुई थी। आग की लपटें और काला धुआं बहुत तेज था। आग बहुत तेजी से फैल रही थी। फायर यूनिट ने तत्काल होजलाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करना शुरू कर दिया। आग लगातार बढ़ती देख फायर स्टेशन कोतवाली से भी दो दमकल गाड़ियां बुलवाई गईं। फायर यूनिट ने तृतीय तल पर आग में फंसे चार लोगों हेमंत कुमार निवासी बिहार, सूरज व सुरेंद्र निवासी उन्नाव और उपेंद्र निवासी अलीगढ़ को लैडर लगाकर अदम्य साहस का परिचय देते हुए सकुशल बाहर निकाला।

### दादी-पोते को बंधक बनाकर लूटा

नई दिल्ली। साउथ पटेल नगर में पानी की टंकी साफ करने के बहाने दो बदमाश घर में घुस गए और दादी-पोते को बंधक बना लिया। युवक ने लूटपाट का विरोध किया तो हाथ पर चाकू मारकर जख्मी कर दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने हाथ बांधकर मुंह पर टेप लगा दी और 76 हजार रुपये, लाखों के जेवर व लैपटॉप लूट लिया। पुलिस को खबर देने पर जान से मारने की धमकी देकर बदमाश फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, प्रणय आनंद (26) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से मामले की जांच कर रही है। प्रणय को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। प्रणय परिवार के साथ साउथ पटेल नगर में रहते हैं। उनका पिता के साथ प्रॉपर्टी का कारोबार है। उन्होंने टंकी साफ करने के लिए कुछ लड़कों को बुलाया हुआ था। दोपहर करीब एक बजे दरवाजे पर घंटी बजी और टंकी साफ करने वाले दो लड़के अंदर घुस गए। एक युवक ने चाकू निकालकर प्रणय को बंधक बना लिया। आरोपियों ने रुपये व जेवर के बारे पूछा।

# इंडिया समूह की सरकार आने पर एक-एक पैसे का हिसाब होगा : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा जिस दिन इंडिया समूह की सरकार बनेगी एक-एक पैसे का हिसाब होगा और बेईमानों से सारा पैसा वापस लिया जाएगा।



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि भाजपा को भ्रष्टाचार से कोई परहेज नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी संरक्षक पार्टी है। इलेक्टोरल बॉन्ड में भी यह बात सामने आ गई है। इससे यह बात साबित होती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने चंद दोस्तों का 15 लाख करोड़ रुपए माफ किया। अब भाजपा का एक और बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है, जो देश को हैरान कर देगा।

उन्होने कहा कि जिस 2जी के खिलाफ मोदी से लेकर पूरी भाजपा विरोध प्रदर्शन कर रही थी। भाजपा 2जी के आवंटन को लेकर आरोप लगा रही थी कि 'पहले आओ-पहले पाओ' की नीति गलत है।

सिंह ने कहा कि 'पहले आओ-पहले पाओ' की नीति को सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से नकारते हुए 2012 में यह कहा कि यह नीति किसी भी हालत में लागू नहीं होनी चाहिए। स्पेक्ट्रम लाइसेंस के लिए सरकार को नीलामी की प्रक्रिया अपनानी होगी।

इस पर आज प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार पूरे देश के सामने बेनकाब हो गई। 2023 में मोदी सरकार ने संसद से विपक्षी दलों के 150 से ज्यादा सांसदों को बाहर कर दिया और चुपके से 'पहले आओ-पहले पाओ' की नीति को सदन में फिर पास कर दिया।

उन्होंने कहा कि यह लोग सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को भी नहीं मानते हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड पर निर्णय आया, तो भाजपा उसके खिलाफ खड़ी हो गई। 2जी स्पेक्ट्रम पर इतना ऐतिहासिक फैसला आया, ये उसके भी खिलाफ खड़े हैं।

ये मोदीजी का 5जी घोटाला है, अपने दोस्तों के लिए वो सब कुछ करने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए नहीं, अपने दोस्तों पर सबकुछ कुर्बान करने को तैयार हैं।

आप नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की जनता को मुर्ख समझना बंद करें। प्रधानमंत्री ने चंद पूंजीपतियों का 15 लाख करोड़ माफ कर दिया और देश के बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल कर लिया।

प्रधानमंत्री एक तरफ भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं और दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देते हैं और उनको लाइसेंस देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में 5जी घोटाला किया जा रहा है। यह देश का सबसे बड़ा 5जी महाघोटाला साबित होगा।

## एक लाख का इनामी बदमाश लोनी से पकड़ा गया

लोनी। हत्या, डकैती समेत अन्य गंभीर मामलों में फरार चल रहे बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य सुशील राय को बिहार एसटीएफ और यूपी एसटीएफ ने मंगलवार को लोनी के वर्धमानपुरम सब्जी मंडी रोड से गिरफ्तार किया है। बिहार पुलिस ने सुशील राय पर एक लाख रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था। सुशील राय कई बार जेल जा चुका है।

सुशील राय की गिरफ्तार के लिए राजकुमार मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ फील्ड टीम, नवेंदु कुमार पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ नोएडा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक केशव शांडिल्य द्वारा टीम गठित की गई थी। उन्होंने बताया कि बेगूसराय बिहार के कुख्यात टाइगर गैंग का सक्रिय सदस्य सुशील राय दो साल से हत्या, डकैती के मामले में फरार चल रहा था।

सुशील राय ने पूछताछ में बताया कि वह 10वीं पास है। 2001 में गांव की जमीन की रंजिश को लेकर उसके भाई मुन्ना राय की हत्या सुबोध राय एवं रामाधार राय ने अपने परिजनों के साथ मिलकर कर दी थी। जिसका बदला लेने के लिए उसने रामाधार राय को गोली मारी थी। घायल रामाधार के परिजनों ने बेगूसराय में 307 का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में सुशील राय जेल गया था। इसके बाद सुशील राय 2002 में जमानत पर बाहर आ गया था।

इस मामले में न्यायालय ने सुशील राय को 10 साल की सजा सुनाई थी। जेल में रहने के दौरान सुशील राय की दोस्ती बिहार के टाइगर गैंग के कुख्यात सरगना जोगी टाईगर से हो गई थी। सुशील राय ने जोगी टाइगर गैंग के साथ मिलकर 2002 में आलोक राजगरिया, जो अभ्रक बनाने की फैक्टरी चलाता था। उसका अपहरण कर एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी।

## राष्ट्रकवि स्वर्गीय श्री रामधारी सिंह दिनकर की 50वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में राष्ट्रकवि स्वर्गीय श्री रामधारी सिंह दिनकर को उनकी 50वीं पुण्यतिथि पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि दिनकर भारतीय संस्कृति के सच्चे वाहक और राष्ट्रीय चेतना के मुखर कवि थे। उनकी रचनाओं में जहां देशप्रेम, ओज, विद्रोह, आक्रोश और क्रांति के स्वर उदघोषित हुआ हैं वहीं पर कोमल श्रृंगारिक भावनाओं की भी अभिव्यक्ति हुई है। श्री वत्स ने कहा कि दिनकर आधुनिक युग के सर्वश्रेष्ठतम कवि, लेखक और निबंधकार थे। आज की युवा पीढी को दिनकर के साहित्य को आत्मसात करना होगा तभी संस्कृति और राष्ट्रवाद का उन्नयन होगा।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

नई दिल्ली। आबकारी नीति मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। साथ ही, अदालत ने चार्ज फ्रेम शुरू नहीं करने की मांग वाली याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत में कहा कि केस के जांच अधिकारी ने सुनवाई के दौरान कहा था कि जांच तीन से चार महीने में पूरी हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और जांच अभी तक चल रही है। अदालत के निर्देश पर गिरफ्तारी हुई और बयान भी रिकॉर्ड किया गया। लिहाजा, अभी इस मामले में चार्ज फ्रेम करने पर सुनवाई शुरू नहीं होनी चाहिए।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 'आप' की डॉक्टर इकाई ने किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और 23 दिनों तक उन्हें इंसुलिन नही देने के विरोध में आप कार्यकर्ताओं और पार्टी की डॉक्टर इकाई ने आज भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया।

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया समूह के प्रत्याशी एवं 'आप' के वरिष्ठ नेता कुलदीप कुमार ने इस दौरान कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनाव से भाग रही है इसीलिए बिना सबूत के श्री केजरीवाल को जेल में रखा हुआ है और उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। दिल्ली की जनता भाजपा के इस अत्याचार का जवाब अपने वोट से देगी।

कुमार ने कहा कि श्री केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को कई सुविधाएं दी हैं। उन्होंने दिल्ली की बहनों को बस में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी, लोगों को 24 घंटे फ्री बिजली-पानी दिया, सरकारी स्कूलों और अस्पताल को शानदार किया, ऐसे मुख्यमंत्री को भाजपा ने षड़यंत्र करके जेल में डाला है। दिल्ली की जनता इसका जवाब अपने वोट से देने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि भाजपा यह बताए कि जेल में एक मुख्यमंत्री की सेहत के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है, उनको 23 दिन तक इंसुलिन क्यों नहीं दी गई ? आखिर बिना किसी सबूत और बरामदगी के दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल में क्यों रखा हुआ है? भाजपा श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करके दिल्ली की जनता को परेशान कर रही है।

## रोटरी क्लब ने ईएमजी मशीन के दान के साथ सफदरजंग अस्पताल में न्यूरोलॉजिकल डायग्नोस्टिक सेवाओं को बढ़ाया

नई दिल्ली। बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजिकल देखभाल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति में, सफदरजंग अस्पताल में बाल चिकित्सा विभाग के बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी डिवीजन को एक अत्याधुनिक तंत्रिका चालन वेग (एनसीवी) और इलेक्ट्रोमायोग्राफी (ईएमजी) मशीन प्राप्त हुई है। यह नैदानिक उपकरण बच्चों में न्यूरोमस्कुलर विकारों की एक विस्तृत श्रृंखला का मूल्यांकन और उपचार करने की अस्पताल की क्षमता में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।



तंत्रिका चालन अध्ययन (एनसीएस) और इलेक्ट्रोमायोग्राफी (ईएमजी) न्यूरोलॉजिकल और न्यूरोमस्कुलर विकारों में तंत्रिका और मांसपेशियों के कार्य का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे चालन वेग, विलंबता और आयाम को मापकर रेडिकुलोपैथी, तंत्रिका फंसाव और परिधीय न्यूरोपैथी जैसी स्थितियों के निदान में सहायता करते हैं। ये परीक्षण समान न्यूरोमस्कुलर विकारों के बीच अंतर करने, रोग की प्रगति की निगरानी करने, उपचार योजनाओं का मार्गदर्शन करने और न्यूरोमस्कुलर अनुसंधान और चिकित्सीय हस्तक्षेप में योगदान देने में महत्वपूर्ण हैं।

उद्घाटन समारोह में डॉ. राजीव रंजन (रोटरी क्लब के अध्यक्ष), श्री अजय गुप्ता (मैकॉबर बीके प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक), श्री महेश त्रिखा (जिला गवर्नर (निर्वाचित)), श्री जीतेंद्र गुप्ता ( रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) और सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार।

यह योगदान मैकॉबर बीके प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर फंड के उदार समर्थन के माध्यम से संभव हुआ। लिमिटेड और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ ईस्ट। डॉ. वंदना तलवार ने व्यक्त किया, हम इस अमूल्य योगदान के लिए बेहद आभारी हैं। एनसीवी और ईएमजी मशीन बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी डिवीजन में हमारी नैदानिक क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी, जिससे हम न्यूरोमस्कुलर विकारों से पीड़ित हमारे युवा रोगियों के लिए अधिक सटीक मूल्यांकन और अनुरूप उपचार योजनाएं प्रदान करने में सक्षम होंगे।

रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर श्री जीतेन्द्र गुप्ता ने स्वास्थ्य देखभाल पहल का समर्थन करने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। रोटरी क्लब हमारे समुदायों में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए समर्पित है। सफदरजंग अस्पताल के बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी डिवीजन में यह योगदान सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के हमारे मिशन के अनुरूप है। हमें मैकॉबर बीके प्राइवेट लिमिटेड के साथ सहयोग करने पर गर्व है। न्यूरोमस्कुलर विकार वाले बच्चों के लिए अस्पताल की नैदानिक क्षमताओं को बढ़ाने में।

उद्घाटन समारोह में मैकॉबर बीके प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ कर्मचारियों सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। लिमिटेड, रोटरी क्लब के सदस्य, सभी अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक, सीएसआर टीम, बाल रोग विभागाध्यक्ष और बाल चिकित्सा के संकाय सदस्य जिन्होंने एसजेएच में बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजिकल देखभाल को आगे बढ़ाने में इस मील के पत्थर का जश्न मनाया।

सफदरजंग अस्पताल मैकॉबर बीके प्राइवेट लिमिटेड के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता है। लिमिटेड और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ ईस्ट को युवा रोगियों और उनके परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने में उनकी उदारता और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद।

## राम लाल आनंद महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित



दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के राम लाल आनंद महाविद्यालय में देहदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला महाविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और दधीचि देह दान समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह के आह्वान पर आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में दधिचि देहदान समिति के संयुक्त सचिव डॉ. विशाल चड्ढा, दिल्ली विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम समन्वयक डॉ. नरेंद्र कुमार बिश्नोई, एनएसएस क्षेत्रीय समन्वयक दिल्ली श्रवण राम, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार गुप्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय के एनसीसी समन्वयक मेजर प्रो. संजय कुमार शर्मा और डॉ. अनुराग शर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में देहदान समिति से डॉ. विशाल चड्ढा ने देहदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति के कॉर्निया से चार लोगों की आंखों की रोशनी वापस लाई जा सकती है। ब्रेन-डेड हुए व्यक्ति के आठ अंग और कार्डियेक अरेस्ट के कारण मृत व्यक्ति के तीन अंग का इस्तेमाल, किसी अन्य जरूरतमंद व्यक्ति के लिए किया जा सकता है। इस कार्य से किसी की जान बचाई जा सकती है। एक मेडिकल स्टूडेंट के लिए मृत शरीर पर पढ़ाई करना ही उसकी जीविकोपार्जन है। देहदान के बहुत सारे फायदे हैं इसलिए हमें समाज में देहदान को सकारात्मक रूप से बढ़ावा देना चाहिए। देहदान के प्रचार-प्रसार में एनएसएस और एनसीसी वॉलिंटियर्स का एक अहम योगदान है। समाज में देहदान के प्रति झिझक तोड़ने के लिए युवा शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## खुर्जा में भाजपा प्रत्याशी ने रोड शो कर क्षेत्रवासियों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

गौतमबुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार डा. महेश शर्मा ने अपने संसदीय क्षेत्र की पांचों विधानसभा नोएडा, दादरी, जेवर, सिकंदराबाद एवं खुर्जा के गांव/कॉलोनी एवं सैक्टरों में लगभग 6 महीनों से दिन-रात जन संपर्क कर सभी को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मजबूत राष्ट्र हित के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। आज दूसरे चरण के मतदान के अंतिम दिन है इस अवसर पर खुर्जा विधानसभा के जटिया अस्पताल खुर्जा से रोड शो का कार्यक्रम शुरू करते हुए जेवर अड्डा-पदम सिंह गेट-कबाड़ी बाजार-ककराला-सुभाष रोड-रमामूर्ति स्कूल होते हुए नेहरू पर चुंगी खुर्जा पर सम्पन्न हुआ। रोड शो कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में क्षेत्रवासियों सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अपने प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के जयकारे लगाते रहें। लोगों ने भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के उपर पुष्प वर्षा की।



रोड शो से पहले डा. महेश शर्मा जी ने क्षेत्र के निवासियों से मिलें। भाजपा के समर्थन के लिए आभार व्यक्त की और निवेदन किया कि आने वाली 26 अप्रैल को सबसे पहले कमल के बटन को दबाकर भाजपा को वोट दें और अपने आस पास के पडोस को भी वोट दिलवायें। पूरा देश मोदी जी के निस्वार्थ भाव से देश की तरक्की के लिए मोदी जी की सरकार भारतीय जनता पार्टी के सांसद विधायक संगठन देश को विश्व के शिखर तक पहुंचने के लिए विकसित भारत बनाने के लिए कार्यक्रम आपके बार 400 पार के नारे को सभी कार्यकर्ताओं ने जन-जन तक पहुँचा कर सफल बनाना है।

रोड शो के दौरान विधायक मीनाक्षी सिंह जी पूर्व विधायक विजेन्द्र सिंह, सुनिल रामा प्रभारी, सुरेश शर्मा संयोजक नगर पालिका चेयरमैन अंजना भगवान दास सिंगल, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सिंह, सुरेष शर्मा, विजय सोलंकी, वेद प्रकाश मलिक, पारूल बंसल, हरजीत सिंह टीटू, जिला उपाध्यक्ष राजीव बंसल, पूर्व चेयरमैन प्रमुख समाजसेवी भगवान दास सिंघल, प्रमुख सुरेन्द्र सिंह मोनिका सिंह सुमन कुमार सिंह एडवोकेट, मण्डल अध्यक्ष नरेश सोलंकी, राहुल सिंह, राम दिवाकर, अनूप षिषौदिया, देषराज राघव, नरेन्द्र सिंह, संतोष राघव समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### सरकारी स्कूल के स्टोर में आग लगी, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। निहाल विहार स्थित निलौठी गांव में बुधवार सुबह सरकारी स्कूल के स्टोर में आग लगने से अफरातफरी मच गई। धुआं स्कूल में भरने लगा तो बच्चों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। आनन-फानन में मामले की सूचना पुलिस के अलावा दमकल विभाग को दी गई। स्कूल के आसपास रहने वाले परिजनों को आग का पता चला तो वे भी गेट पर पहुंच गए। परिजनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। दमकल की पांच गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन स्टोर में रखीं किताबें और फर्नीचर जल गया। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। पुलिस के अनुसार, स्कूल परिसर में छात्र व छात्राओं के लिए दो स्कूल चलते हैं। इनमें दो हजार से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं। बुधवार सुबह करीब 10: 14 बजे अचानक स्कूल के पीछे वाले स्टोर में आग लग गई। कक्षाओं में धुआं पहुंचा तो बच्चों ने चिल्लाना शुरू कर दिया।

## परोपकार का जीवंत स्वरूप दर्शाता - मानव एकता दिवस

### मनुष्य का जीवन परोपकार के प्रति समर्पित हो : सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

दिल्ली। निरंकार प्रभु ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके; परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। फिर सबके भले की कामना ही हमारे जीवन का लक्ष्य बन जाता है। उक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 'मानव एकता दिवस' के अवसर पर समस्त श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

मानव एकता दिवस का पावन अवसर बाबा गुरबचन सिंह जी की मानवता के प्रति की गयी उनकी सच्ची सेवाओ को समर्पित है जिससे निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है।

संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रंखलाओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग



50,000 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। साथ ही दिल्ली के ग्राउंड नं0 2 निरंकारी चैक, बुराड़ी में आयोजित रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक भाव से लगभग 15,00 युनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित जी ने भी रक्तदान किया, जो मिशन के भक्तों एवं युवा सेवादारों के लिए निसंदेह प्रेरणा का स्त्रोत रहा। इन सभी रक्तदान शिविरों में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली जाँच एवं स्वच्छता की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। इसके साथ ही रक्तदाताओं हेतु उत्तम रूप में जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर रक्त संग्रहित करने हेतु विभिन्न अस्पतालों की टीम अत्यंत उत्साहपूर्वक रक्त संग्रहित करने हेतु सम्मिलित हुईं जिनमें मुख्यत: इंडियन रेड क्रास सोसायटी, एम्स, एम्स-सी.एन.सी, डा. राम मनोहर लोहिया, गुरु तेग बहादुर, एल. एन. जे. पी, हिन्दु राव, जी.बी.पंत, सफदरजंग, दीन दयाल उपाध्याय, श्रीमती सुचेता कृपलानी और डा. हेडगेवार अस्पताल इत्यादि सम्मिलित है। सभी डाक्टरों एवं आंगतुको ने मिशन की नि:स्वार्थ भाव से की जा रही सेवाओ की भूरी-भूरी प्रंशसा की।

मानव एकता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में जन समूह को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहा है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है। ऐसा ही परोपकारी जीवन बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य सिखलाईयों का आधार रहा है।

निष्काम सेवा के सुंदर भाव का जिक्र करते हुए सतगुरू माता जी ने समझाया कि जब हमारे मन में निष्काम सेवा का भाव उत्पन्न हो जाता है तब यह संसार और भी अधिक सुंदर लगने लगता है क्योंकि तब हमारी सेवा भावना साकार एवं कर्म रूप में समस्त मानव परिवार के लिए वरदान बन जाती है।

रक्तदान, मानव जीवन को बचाने हेतु की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है जिसमें परोपकार की नि:स्वार्थ भावना निहित है।

## संपादकीय

# जलवायु संकट एक गंभीर वैश्विक समस्या

जलवायु संकट एक गंभीर वैश्विक समस्या है, जो हाल के दशकों में अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गई है। यह मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन का परिणाम है, जिसमें पर्यावरणीय और जलवायु संबंधी परिवर्तन हैं जो हमारे ग्रह को प्रभावित करते हैं।

**कार्बन उत्सर्जन :** मानव गतिविधियों जैसे औद्योगिक क्रियाओं, वाहन चालकों और बिजली उत्पादन में जीवाश्म ईंधन के जलने से कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है। यह उत्सर्जन वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को बढ़ाता है, जिससे जलवायु परिवर्तन होता है।

**वनों की कटाई :** वनों की कटाई के कारण कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने वाले प्राकृतिक संसाधनों की कमी हो जाती है। यह जलवायु परिवर्तन में योगदान करता है।

**उद्योग और परिवहन :** उद्योगों और परिवहन माध्यमों से उत्सर्जित गैसें वायु की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं और जलवायु परिवर्तन को तेज करती हैं।

**कृषि और पशुपालन :** कृषि और पशुपालन के कारण उत्सर्जित मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी गैसें जलवायु संकट को बढ़ावा देती हैं।

### जलवायु संकट के प्रभाव

**तापमान में वृद्धि :** जलवायु संकट के परिणामस्वरूप वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है, जिससे गर्मी की लहरें, बाढ़, सूखा, और अन्य मौसमीय आपदाएं उत्पन्न होती हैं।

**समुद्री स्तर में वृद्धि :** ध्रुवीय बर्फ के पिघलने से समुद्री स्तर में वृद्धि होती है, जिससे तटीय क्षेत्रों में बाढ़ की संभावना बढ़ जाती है।

**जीव-जंतुओं पर प्रभाव :** जलवायु परिवर्तन से वन्यजीवों और जीवों के प्राकृतिक आवास पर प्रभाव पड़ता है, जिससे उनकी संख्या में कमी आती है और वे संकटग्रस्त हो सकते हैं।

**मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव :** जलवायु संकट से उत्पन्न मौसमी परिवर्तनों के कारण मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। उष्णकटिबंधीय रोग, हीट स्ट्रोक, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**कार्बन उत्सर्जन में कमी :** जीवाश्म ईंधन के प्रयोग को कम करके और नवीनीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करके कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकता है।

**वन संरक्षण :** वनों की कटाई को रोककर और वृक्षारोपण करके कार्बन को अवशोषित करने वाले संसाधनों की मात्रा बढ़ाई जा सकती है।

**सस्टेनेबल कृषि और पशुपालन :** कृषि और पशुपालन में सस्टेनेबल प्रथाओं को अपनाकर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम किया जा सकता है।

**शिक्षा और जागरूकता :** लोगों को जलवायु संकट के प्रभावों और समाधानों के बारे में जागरूक करने से वे पर्यावरणीय प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। **वैश्विक सहयोग :** जलवायु संकट एक वैश्विक समस्या है, इसलिए इसके समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है। देशों को मिलकर स्थायी विकास लक्ष्यों की ओर प्रयास करना चाहिए।

# शिक्षक भर्ती में अनियमितता के कारण नियुक्ति रद्द

**अब कोलकाता उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया है और नए सिरे से भर्ती शुरू करने का आदेश दिया है।**

यह विचित्र है कि एक तरफ तो सरकारी विभागों में खाली पदों पर लंबे समय तक भर्ती की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती और जहां शुरू भी होती है वहां कभी पर्चाफोड़ गिरोह सक्रिय हो जाते हैं, तो कभी संबंधित महकमे के आला अधिकारी और मंत्री तक रिश्वत लेकर भर्तियां करते पाए जाते हैं। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां सरकारी भर्तियों में रिश्वतखोरी और पक्षपात के मामले उजागर न हुए हों।

ऐसे भी अनेक उदाहरण हैं, जब भर्तियों में व्यापक अनियमितता के आरोप के चलते उन्हें रद्द करना पड़ा। कई मामलों में मंत्री तक जेल गए। पश्चिम बंगाल का शिक्षक भर्ती घोटाला इसका ताजा उदाहरण है।

करीब आठ साल पहले वहां सरकारी स्कूलों में पचीस हजार सात सौ तिरपन शिक्षकों और गैरशिक्षकों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग तेईस लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

मगर जब नतीजे आए तो उसमें कई तरह की गड़बड़ियां पाई गई थीं। जिन अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम अर्हता भी नहीं थी, वे वरीयता सूची में शीर्ष बीस की श्रेणी में आ गए थे।

कई ऐसे लोगों को भी नौकरी दे दी गई, जिन्होंने भर्ती परीक्षा पास ही नहीं की थी। कम अंक पाने वाले भी वरीयता क्रम में ऊपर पहुंच गए थे।

इस मामले की शिकायत दो अभ्यर्थियों ने अदालत में की थी, जिसकी सुनवाई करते हुए मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई। उस जांच में धनशोधन का मामला उजागर हुआ और प्रवर्तन निदेशालय ने मामले को अपने हाथ में ले लिया था। उस संबंध में प्रदेश के शिक्षामंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया गया।

फिर उनके और करीबी लोगों के ठिकानों पर छापे पड़े तो उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को भी शिक्षक भर्ती घोटाले में संलिप्त पाया गया था। उन्हें भी गिरफ्तार किया गया।

इन दोनों के ठिकानों से भारी मात्रा में नगदी, जेवर और जायदाद के कागज मिले थे। आरोप था कि उसमें अभ्यर्थियों से पांच से पंद्रह लाख रुपए रिश्वत लेकर भर्ती किया गया था।

अब कोलकाता उच्च न्यायालय ने उस भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया और नए सिरे से भर्ती शुरू करने का आदेश दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि उस प्रक्रिया के तहत भर्ती होकर नौकरी करने वालों को पिछले सात-आठ वर्षों का सारा वेतन वापस करना पड़ेगा।

इस तरह उन लोगों की मनोस्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि पश्चिम बंगाल सरकार का कहना है कि उच्च न्यायालय का फैसला अवैध है और वह उस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी तथा शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित कराने का प्रयास करेगी।

वर्षों पहले हरियाणा में भी इसी तरह शिक्षक भर्ती घोटाले में तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को जेल जाना पड़ा था। उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह के कार्यकाल में हुई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को मायावती ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए रद्द कर दिया था। शिक्षकों की भर्ती के अलावा पुलिस भर्ती, पटवारी भर्ती, व्यापार मंडल भर्ती आदि में इसी तरह तरह अनियमितताओं के आरोप लगते रहे हैं।

इस तरह सरकारी महकमों के लोग जरूर अपनी जेबें भर लेते हैं, मगर खमियाजा आखिरकार उन मेधावी युवाओं को भुगतना पड़ता है, जो वर्षों मेहनत और लगन से तैयारी करते हैं, मगर उनका हक कोई और ले उड़ता है। आखिर सरकारें इतने उदाहरणों के बावजूद क्यों कोई पारदर्शी और विश्वसनीय भर्ती प्रक्रिया नहीं बना पाई हैं।

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे



- ललित गर्ग -

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्र्योग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में र्स्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार ??आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।



पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है विश्वमानव का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए।

रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा 'डर्टी बम' का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा।

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। लेकिन रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास एक गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिये कराया है। इस युद्ध से होने वाली तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा, जो दुनिया की बड़ी चिन्ता का सबब है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निर्माता है, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

# भौतिकवाद का परचम, अदृश्य नैतिक सिद्धांत

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहींद्य यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति हैद्य और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच, स्पृहा, कामना, कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा हैद्य प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक, सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैद्य भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा हैद्य व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा हैद्य समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व'स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है।

सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है। सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है।

इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है।

## विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का।

विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का,
तेरे लिये लेनदेन है बहुत फायदे काद्यद्य

वह धंधा करता है मुखौटों काद्य
कारोबार है बहुत फायदे काद्यद्य

अपने चलाते खंजर पीठ पर यारोंद्य
यह चलन भी है बहुत कायदे का।

सियासत अवाम के बीच आ जाती हैं
पुलिंदा लेकर बड़े गलत वायदे का।।

सच गुम है झूठ के बवंडर में संजीव।
क्या फायदा है विरासत, वायदे का।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# सोचिए आखिर इन सबका जिम्मेदार कौन ... ?

सत्यम सिंह गर्गवंशी

इस समय जिले में अपराधिक घटनाओं जैसे बलबा मारपीट, जबरन दूसरों की जमीनों पर कब्जा, सड़क हादसे, द्रुतगामी बाइक फोर व्हीलर भिडंत, दहेज हत्या, आत्महत्या जैसी संदिग्ध मौतों में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही बलात्कार, छेड़खानी, छिनैती, महिलाओं युवतियों और छात्राओं को अगवा करके उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाली अप्रिय घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। अग्निकांड, किसानों की पकी खेतों में खड़ी फसलें जलकर राख में तब्दील हो रही हैं। ये अग्निकांड जैसी घटनायें अज्ञात कारणों, बिजली की चिंगारी और मानव जनित भी होती हैं।

दुखद अप्रिय वारदातें तो होती ही रहेंगी। लोगों को खुद बाखुद ऐसी वारदातो को अंजाम नही देना चाहिए। स्वयं की लालच, हवस पर नियंत्रण पाने की जरूरत है। लालच और खुद गरजी की वजह से ही हत्या, बलात्कार, छिनैती चोरी डकैती, दहेज हत्या जैसी घटनाओं में इजाफा हो रहा है।

सड़क हादसे के बारे में इतना कहना ही काफी है कि वहां चालकों द्वारा यातायात के नियमो का पालन नहीं किया जा रहा है। जब कि सरकार जागरूकता पर लाखो रुपए खर्च करती है। पुलिस यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के लोग आए दिन हेलमेट पहनो सीट बेल्ट लगाओ, गति सीमा नियंत्रित रखो, डीएल और आरसी साथ रखो। चालान जुर्माना से भी बचो। नशा करके वहां मत चलाओ, यातायात के नियमो को पालन करो। सुरक्षित घर पहुंचो वहां आप का कोई इंतजार कर रहा है। लेकिन नही.........लोगों का मानना है कि जो कुछ भी हो रहा है, सब प्रभु इच्छा पर।

मारपीट बलवा, दहेज उत्पीड़न और महिलाओं के साथ छेड़खानी, छात्राओं को अगवा कर बंधक बनाकर उनके साथ दुष्कर्म और सामूहिक बलात्कार किया जाना, चोरी छिनैती आदि दुखद एवम अप्रिय घटनाएं होना जाहिरा तौर पर पुलिस महकमे की हनक और सख्ती की नाकामी ही कही जाएगी। ऊपर से यदि थाना पुलिस पीड़तों की तरफ तवज्जो नहीं देता है तो सबसे अधिक दुखद स्थिति यही कही जाती है।

थानों पर गंभीर मामलों में सुसंगत धाराओं की अनदेखी करके उनका अल्पीकरण करना एक परंपरा बन गई है। हत्या को दुर्घटना और डकैती को छोटी चोरी कहने का रिवाज समाप्त किए जाने की जरूरत है।

पुलिस पीड़ितों के साथ मित्रवत व्यवहार भी नही करती है। पुलिस का



रवैया अंग्रेजों के जमाने जैसा ही है। बड़े बड़ों की अकल थाना पहुंचने पर ठिकाने लग जाती है।

थाना पुलिस से यदि दलालों और विचौलियों की मित्र सेवा कम या बंद हो जाए तब कुछ उम्मीद जगती है कि आम आदमी गरीब तबके के लोग पुलिस से जस्टिस पा सकते हैं।

पुलिस जन भी अपने हाव भाव से दर्शाते हैं कि उन्होंने इस महकमे में नौकरी ही इसीलिए किया है कि रुतबा रुआब और पैसा मिले।

सरकारी विभागों में छोटे से लेकर बड़ा काम लेकर कार्यालयों में जाने वालों को तरह तरह से परेशान किया जाता है। यह क्रम तब तक जारी रहता है जब तक बिचौलियों का सहारा न लिया जाए। यहां भी दलाल प्रथा कायम है। घूस देने पर ही काम होगा अन्यथा भटकते ही रहिए।

परिवहन विकास कृषि गन्ना मार्केटिंग उद्यान बिजली रजिस्ट्री पूर्ति शिक्षा बैंक डाकघर रेलवे जैसे अनेकों प्रदेशीय और केंद्रीय महकमे में सुविधा शुल्क का प्रचलन अपनी गति से चल रहा है। हो हल्ला करने वाले भी अपना काम करते हैं। लेकिन मजाल क्या कि किसी पर कोई असर पड़े।

पूर्ति महकमा की बात चले तो कोटेदार और राशन लाभार्थियों की बातें होना लाजिमी हो जाती हैं। इनके बीच होने वाली अप्रिय घटनाएं अशोभनीय वार्ता लाप, घटतौली कट तोली आदि का जिक्र न हो तो सब अधूरा ही कहा जायेगा। कोटेदारों की हरकतें प्राय: मीडिया की सुर्खियों में रहती हैं।

सरकारी महकमों में तो ऐसा रिवाज है जहां फरियादियों को नजरंदाज किया जाता है। प्रशासन हो या पुलिस महकमा कहीं पर बगैर सुविधा शुल्क के कोई भी काम नही हो रहा है।

उधर सरकार जिले में विकास के नाम पर सरकारी तिजोरी का मुंह खोल देती है। और यहां अधिकारी गण जिले के अवाम को विशुद्ध भारतीय रूप से माननीयों की तरह भ्रमित करने में जुट जाते हैं।

मीडिया के जरिए ये होगा वो होगा मतलब जिले में गांव से लेकर कस्बों, बाजारों, और शहरों का काया कल्प हो जाएगा। ऐसा होगा जैसा दुनिया के विकसित देशों में होता है। इनके ऐसा कहने से प्रतीत होता है कि ये किसी विकसित देश के सरकारी अफसर हैं ।ऐसे वक्तव्य सर्वथा हास्यास्पद लगते हैं।

विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि ऐसे मीडिया वक्तव्यों से परहेज करें। इनके द्वारा सच्चाई से रूबरू कराकर जिज्ञासुओं की जिज्ञासा शांत किया जाना चाहिए।

वन विभाग - जिले में जंगलों की कटान जारी है, कई लाख पेड़ लगाने यानी पौध रोपण होना है। परिणाम सभी देख रहे हैं। फोटो सेल्फी का प्रचलन जोरो पर है। पौध रोपण तो आवश्यक है ही फिर भी पुराने प्राण वायु प्रदाता पेड़ों की अवैध कटान रोकने की जरूरत है ।पौध रोपण के बाद ट्री गार्ड और समय समय पर खाद पानी जैसे पोषण की नितांत आवश्यकता होती है। परंतु सरोकारियों द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है। यह सोचनीय विषय है।

### अग्निकांड और दमकल विभाग

दमकल विभाग में संसाधनों का अभाव है। मैन पावर और संसाधन बढ़ाए जाएं। ऐसा होने पर ही समय पर अग्निकांडो से जूझा जा सकता है। जन धन की हानि से बचा जा सकता है।

### मिलावट एक अति महत्वपूर्ण विषय

आज हम जो कुछ भी खाद्य पदार्थ का सेवन कर रहे हैं, वे मिलावटी और सेहत के लिए हानिकारक हैं। मिलावट खोर अपनी कमाई के लिए रसायनों का इस्तेमाल कर अशुद्ध और प्राण घातक सामग्रियां बेंच रहे हैं।

इस पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग कार्य रात है ।लेकिन विभागीय अधिकारी खाना पूर्ति करके स्वयं की जेबें भर रहे हैं.....

सरकारी जिम्मेदारों से बड़े जिम्मेदार हम खुद हैं। हम सुधरेंगे जग सुधरेगा।

आगामी अंकों में हम एक एक महत्वपूर्ण समस्या का विस्तार से प्रकाशन करेंगे। आप हमारे साथ बने रहें। यदि आप कोई टिप्पणी करना चाहते हैं तो आप का स्वागत है। आप के विचार सुझाव आमंत्रित हैं।

**सत्यम सिंह गर्गवंशी,**
**एसोसिएट एडिटर**
**रेनबो न्यूज**

# शार्ट न्यूज

## घाटमपुर में दलित युवती की नृशंस हत्या

कानपुर। कानपुर सजेती थाना क्षेत्र में एक दलित युवती की नृशंस हत्या कर दी गई। देर शाम घर से लापता हुई युवती का बुधवार सुबह खेत में रक्तरंजित शव बरामद हुआ। हत्यारों ने चेहरे को ईंट से कूच दिया था और पूरे शरीर पर चोट के निशान थे। गले पर एक भगवा रंग का गमछा भी मिला है। इसी गमछे से गला घोंटने के बाद हत्यारों ने शव को पेड़ से टांगने का प्रयास किया। मौके से पुलिस, फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों की तहरीर पर सजेती थाने की पुलिस हत्या की एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। घाटमपुर के रैपुरा गांव में रहने वाले कमलेश संखवार ने बताया कि उनकी बेटी रानी (19) मंगलवार रात को शौंच के लिए घर से निकली थी, लेकिन लौटकर नहीं आई। परिवार के लोगों ने गांव और रिश्तेदारों के यहां पता किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह घर से 200 मीटर दूरी पर बेटी रानी का रक्त रंजिशत शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। उधर युवती के हत्या की जानकारी मिलते ही सजेती थाने की फोर्स, एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा और सीओ घाटमपुर रंजीत कुमार मौके पर जांच करने पहुंचे। जघन्य हत्याकांड देखकर पुलिस अफसरों के भी हाथ पैर फूल गए। ईंट से चेहरा कूच दिया गया था।

## एंबुलेंस में पकड़ी कांग्रेस की प्रचार सामग्री

कानपुर। कानपुर पुलिस ने एंबुलेंस में भारी मात्रा में कांग्रेस प्रत्याशी की चुनाव सामग्री पकड़ी है। नवाबगंज मैनावती मार्ग पर चेकिंग के दौरान एंबुलेंस संदिग्ध लगने पर पुलिस ने जांच की तो दंग रह गई। पूरी एंबुलेंस इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा की प्रचार सामग्री से खचाखच भरी हुई थी। पुलिस ने एंबुलेंस को अपने कब्जे में लिया है। इसके साथ ही प्रत्याशी आलोक मिश्रा के खिलाफ नवाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज की जा रही है। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर को नवाबगंज थाने की पुलिस मैनावती मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक एंबुलेंस कई बार राउंड मारा तो उन्हें संदेह हुआ। एंबुलेंस रोक कर चेक की गई तो उसमें मरीज तो नहीं मिला, लेकिन एंबुलेंस इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा के चुनावी पोस्टर, बैनर और झंडों से खचाखच भरी हुई थी। बरामद प्रचार सामग्री में कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा का झंडा एवं कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा की फोटो, कांग्रेस का चुनाव चिन्ह पंजा, राहुल गांधी की फोटो, अखिलेश यादव की फोटो और अरविंद केजरीवाल की फोटो झंडे पर छपी मिली। इसके साथ ही प्रचार सामग्री में आलोक मिश्रा प्रत्याशी लोकसभा कानपुर 45 छपा हुआ है।

## घोड़ी-बैंड नहीं आने पर दुल्हन ने शादी से किया इंकार

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में घोड़ी और बैंड नहीं पहुंचा तो दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया। कन्या पक्ष का आरोप है कि वर पक्ष द्वारा उनसे दहेज को लेकर गाली गलौज की जा रही थी। जिसके बाद दुल्हन ने शादी करने से इंकार कर दिया था। दोनों पक्षों के बीच पुलिस की मौजूदगी में पंचायत बुलाई गई लेकिन कोई हल नहीं निकला। बाद में बारात वापस लौट गई। शिकोहाबाद के खेरिया निवासी पिंटू की बेटी की शादी मंगलवार को थी। बारात फिरोजाबाद के दक्षिण थाना क्षेत्र के मोहल्ला हिमायूपुर से रात 11 बजे दुल्हन के घर पर पहुंची थी। बैंड बाजा और घोड़ी न देख दुल्हन और उसके परिजन नाराज हो गए। उन्होंने बैंड और घोड़ी न होने पर वर पक्ष के लोगों से बातचीत की। वर पक्ष के लोगों ने बताया कि घोड़ी का एक्सीडेंट हो जाने के कारण घोड़ी बारात में नहीं आ सकी। वह घोड़ी लाने के लिए शिकोहाबाद भी गए लेकिन नहीं मिली। इसी बात को लेकर दुल्हन ने शादी करने से इंकार कर दिया। वहीं, दुल्हन के भाई अमन ने बताया कि वर पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर गाली गलौज की गई थी। जिसके बाद उनकी बहन और परिवार वालों ने शादी से इंकार कर दिया। शादी में दावत चल रही थी। सब कुछ तैयारी थी। जरा सी बात पर रिश्ता टूट गया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया।

## कलेक्ट्रेट में दरोगा और कांग्रेसियों में नोकझोंक

सुलतानपुर। सुलतानपुर में डीएम ऑफिस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और दरोगा के बीच नोकझोंक हो गई। इसका वीडियो सामने आया है। कांग्रेस नेता और पूर्व नपा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी वरुण मिश्रा वीडियो में प्रशासनिक अधिकारी से कहते दिखाई पड़ रहे हैं कि दरोगा से कहिए कि मर्यादित आचरण करें और भी पुलिस वाले खड़े हैं उनको दिक्कत नहीं है। ये भेड़-बकरी हैं। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया है। बुधवार को कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा जर्जर दुकानों के नाम पर नगर क्षेत्र के छोटे व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न के संबंध में डीएम से मिलकर शिकायत करने पहुंचे थे। यहां उनके साथ कांग्रेस के नेताओं के साथ व्यापारी भी मौजूद थे। इस पर कलेक्ट्रेट में ड्यूटी पर मौजूद दरोगा से उनकी नोकझोंक हुई। सिटी मजिस्ट्रेट वहां पहुंचे और सबको शांत कराकर ज्ञापन लिया। ज्ञापन में वरुण मिश्रा ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र के सब्जी व्यापारियों को पूर्व में आवंटित दुकानों को जर्जर बताकर उन्हें दुकानों से बाहर निकालने की नोटिस दी गई है। उन्होंने बताया है कि व्यापारी अपनी दुकानों की मरम्मत करने में सक्षम हैं। वरुण ने ज्ञापन के माध्यम से डीएम को अवगत कराया है कि बिल्डिंग में उतनी समस्या भी नहीं है जितना नगर पालिका बता रहा है।

## बदायूं में युवक का पेड़ से लटका मिला शव

बदायूं। बदायूं में बुधवार को युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव सड़क किनारे पाकड़ के पेड़ से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि विवाद के चलते चार युवकों ने पहले उसकी हत्या की और बाद में फंदे पर लटकाकर उसे आत्महत्या दिखाने की साजिश रची है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना इस्लामनगर थाना क्षेत्र के सकतपुर गांव की है। यहां रहने वाले रमेश का बेटा सोनू (18) खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि उसे गांव के ही चार युवक शादी समारोह में काम कराने के बहाने ले गए थे। जबकि इसके बाद सोनू घर नहीं लौटा। जानकारी जुटाई तो पता लगा कि चारों युवकों से उसका वहां झगड़ा भी हुआ था। इसके बाद वो चारों युवक भी नहीं मिले, जबकि सोनू का भी कोई पता नहीं लगा। दिन निकलने पर उसका शव गांव के बाहर सड़क किनारे फंदे से पेड़ पर लटका हुआ मिला। उन्हीं चारों युवकों ने सोनू की हत्या की है। मामले की जानकारी पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है।

## दहेज हत्या के फरार चल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर थाने की पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 23 मार्च 2024 को पीड़ित रामदरश राजभर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि मेरी छोटी बहन प्रियंका राजभर की शादी दो वर्ष पूर्व रामदुलारे राजभर के साथ हुई थी। पीड़िता प्रियंका राजभर को उसके पति रामदुलारे राजभर, ससूर लक्षिराम राजभर, सास शारदा देवी तीनो मिलकर दहेज हेतु प्रताड़ित करते हुए हत्या कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने रामदुलारे, शारदा देवी और लक्षिराम राजभर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। इस मामले की विवेचना सीओ सदर द्वारा की जा रही है। इस बारे में मुबारकपुर थाने के प्रभारी निहार नंदन ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आरोपियों के बारे में सूचना मिली की आरोपी गांव में आए हुए हैं। ऐसे में मौके पर दबिश देकर पुलिस ने तीनों आरोपियों लक्षिराम राजभर, रामदुलारे और शारदा देवी को हिरासत में ले लिया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# दूसरे चरण के चुनाव का प्रचार खत्म, 26 को मतदान की तैयारी

**चुनाव के इस चरण में फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद हेमामालिनी और अरुण गोविल समेत 91 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा**




**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश के नौ जिलों में स्थित आठ सीटों में चुनाव प्रचार बुधवार शाम छह बजे थम गया।

चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को अमरोहा,गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, अलीगढ़, मथुरा,बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर संसदीय क्षेत्र के लिये सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। चुनाव के इस चरण में फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद हेमामालिनी और अरुण गोविल समेत 91 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि द्वितीय चरण में 81 पुरुष तथा 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिनके भाग्य का फैसला एक करोड़ 67 लाख 77 हजार 198 मतदाता करेंगे, जिसमें 90 लाख 26 हजार 51 पुरुष और 77 लाख 50 हजार 356 महिला मतदाताओं के अलावा 791 थर्ड जेण्डर शामिल हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

मथुरा और गौतमबुद्धनगर में सबसे ज्यादा 15-15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है जबकि बुलंदशहर में सबसे कम छह उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला किया जायेगा।

अमरोहा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कंवर सिंह तंवर, काँग्रेस के कुँवर दानिश अली और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से मुजाहिद हुसैन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है जबकि मेरठ में अस्सी के दशक के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में है जिनका मुकाबला बसपा के देवव्रत कुमार त्यागी और सपा की सुनीता वर्मा से है।

भाजपा की सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के लिये प्रतिष्ठा का सवाल बनी बागपत सीट पर पार्टी प्रत्याशी डा राजकुमान सांगवान की टक्कर सपा के अमरपाल और बसपा के प्रवीण बंसल से है वहीं गाजियाबाद में भाजपा के अतुल गर्ग का मुकाबला काँग्रेस की डोली शर्मा से तय माना जा रहा है हालांकि बसपा के नंद किशोर पुंडीर दोनो उम्मीदवारों की जीत हार में अहम भूमिका निभाने को तैयार हैं। गौतमबुद्धनगर के मौजूदा सांसद और भाजपा प्रत्याशी डा महेश शर्मा सपा के डॉ महेन्द्र सिंह नागर और बसपा के राजेन्द्र सिंह सोलंकी से टकरा रहे हैं। बुलन्दशहर (सु) बसपा के गिरीश चन्द्र, भाजपा के डॉ भोला सिंह और कांग्रेस के शिवराम के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।

## ट्रेन की चपेट में आने से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

झांसी। झांसी में सिक्योरिटी गार्ड की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वह चावल के गोदाम में बड़े बेटे के साथ रहता था और वही पर नौकरी करता था। मंगलवार को वह शराब पिए था। इसके बाद ट्रेन की चपेट में आ गए। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरु कर दी है। मृतक का नाम प्रभु कुशवाहा (55) पुत्र मोहनदास था। वह ओरछा थाना क्षेत्र के बागन गांव के रहने वाले थे। मृतक के बड़े बेटे राकेश ने बताया कि मां करीब 20 साल पहले पिता को छोड़कर चली गई थी और उन्होंने दूसरी शादी कर ली थी। वे छोटे दो भाइयों को भी अपने साथ ले गई थी। तब से पिता शराब का सेवन करने लगे थे। फिलहाल मैं, मेरी पत्नी और पिता पंचवटी कॉलोनी में एक चावल के गोदाम पर रहते थे। पिता चौकीदार का काम करते थे। मंगलवार को वह पूरे दिन से शराब पी रहे थे। शाम के समय वह रेलवे पटरी की तरफ चले गए। वहां ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। बेटे ने बताया कि पिता की मौत के बाद आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने छानबीन की तो मृतक के पास से एक डायरी मिली। जिस पर परिजनों के नंबर लिखे हुए थे।

## अयोध्या में पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद सेन यादव मैदान में

**कद्दावर नेता रहे मित्रसेन यादव के बेटे हैं**



अयोध्या। अयोध्या को अपने में समेटने वाले फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद सेन यादव लोकसभा चुनाव मैदान में हैं। वे जिले के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय मित्रसेन यादव के पुत्र हैं,पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव के बड़े भाई हैं। उनका कहना है कि वे पिता मित्रसेन यादव की विरासत को संभालने मैदान में उतरे हैं।

पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद सेन यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। अरविंद सेन यादव का कहना है कि वे गरीबों की समस्याओं के मुद्दे पर चुनाव मैदान में हैं। गरीब गरीब होता जा रहा है अमीर अमीर होता जा रहा है। जो भी समस्याएं हैं चाहे वह आर्थिक हो, प्रशासनिक हो, राजनीतिक हो सामाजिक हो। इन सभी समस्याओं से आम जनता परेशान है।

### कम्युनिस्ट पार्टी के विचार से लोग प्रभावित हैं : अरविंद सेन

उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं को लेकर वे जनता के बीच जा रहे हैं। जनपद में कम्युनिस्ट पार्टी की जो संघर्षों की गाथा है उसको उनके बीच में रखेंगे।इससे पहले भी इस जनपद में कम्युनिस्ट पार्टी का एक इतिहास रहा है, पिता स्वर्गीय मित्रसेन यादव कम्युनिस्ट पार्टी से फैजाबाद लोकसभा से सांसद रह चुके हैं। कम्युनिस्ट पार्टी के विचार से लोग प्रभावित हैं, लोगों को एक विकल्प की तलाश थी जिसके चलते मैंने यह विकल्प चुना है।

### 400 पार का नारा उनकी कल्पना है : अरविंद सेन

अरविंद सेन यादव ने भाजपा के 400 के पार के नारे पर कहा कि यह उनकी कल्पना है। उनकी सोच हो सकती है लेकिन ऐसा संभव होने नहीं जा रहा है। देश के प्रदेश के और इस जिले का मतदाता आज की तारीख में शांत है। आज की तारीख में किसी की लहर नहीं है और ना ही मतदाता किसी से प्रभावित है। इसलिए परिणाम भाजपा के अपेक्षा के अनुरूप नहीं होगा।

# गर्लफ्रेंड का रिश्ता तय होने पर किया सुसाइड

एजेंसी

झांसी। झांसी में पीआरडी जवान ने सुसाइड कर लिया। पिछले दिनों उसकी गर्लफ्रेंड का रिश्ता तय हो गया था। मरने से पहले उसने फोन पर करीब एक घंटे तक प्रेमिका से बात की। इसके बाद घर आकर पत्नी को पानी लाने भेज दिया और कमरा बंद करके फांसी लगा ली। पत्नी और परिवार के अन्य लोग उसे फंदे पर लटकते हुए देख रहे थे। लेकिन जब तक वे खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल होते, उससे पहले ही पीआरडी जवान फंदे पर झूल गया और उसकी मौत हो गई। अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मामला रक्सा थाना क्षेत्र के डिकौली गांव का है।

रामबाबू अहिरवार (32) रक्सा थाना क्षेत्र के डिकौली गांव का रहने वाला था। उसके भाई संतराम अहिरवार ने बताया कि मेरे भाई रामबाबू 9 साल से पीआरडी में नौकरी कर रहे थे। मंगलवार शाम को वह ड्यूटी से घर लौटे और फिर मौसी की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए कसोदन गांव चले गए। वहां से रात करीब 11: 30 बजे वह घर लौटे।

उन्होंने अपनी पत्नी संगीता को पानी लाने के लिए भेज दिया। उनके जाते ही कमरे की कुंदी बंद कर ली। पत्नी ने खिड़की से देखा तो भाई फांसी लगा रहे थे। उनके चिल्लाने पर परिवार के अन्य लोग एकत्र हो गए। तुरंत खिड़की को तोड़ा गया। लेकिन तब तक भाई पंखे पर साड़ी से फंदा बनाकर झूल गए। अंदर जाकर देखा तो भाई की मौत हो चुकी थी।

# सबसे बड़ी हार का रिकार्ड बनायेगी भाजपा

इटावा। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब तक की सबसे बड़ी हार का इतिहास बनाने जा रही है।

जसवंतनगर विधानसभा के एसएस मेमोरियल स्कूल में मैनपुरी की सांसद एवं प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड का मामला सामने आने के बाद भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी बन गई है। पहले चरण के चुनाव के बाद भाजपा का सफ़ाया होने के संकेत मिल चुके है और आखिरी चरण के चुनाव तक भाजपा का पूरी तरह से सफाया हो जायेगा।

यादव ने कहा कि उनके संगठन का नाम इंडिया गठबंधन है लेकिन भाजपा के नेता जानबूझकर के इंडिया गठबंधन को इंडी गठबंधन बोलते हैं। इंडिया



गठबंधन में साफ-साफ इंगित है कि आईएनडीआईए का मतबल इंडिया है लेकिन भाजपा वालो ने पता नही कौन सी अंग्रेजी पढ़ी है जो वे इंडिया को इंडी पढ़ते है।

उन्होने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा के नेताओं की भाषण बदलना शुरू हो गये हैं। पहले चरण में ही संसदीय चुनाव का रुझान स्पष्ट कर दिया है। इस बार किसान मजदूर दलित सभी भाजपा के खिलाफ खड़े हो गए हैं। पीडीए परिवार ने एनडीए के पूरी तरह से होश उड़ा दिए हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का झूठ देशवासियों के सामने खुल करके आ गया है। भाजपा ने अपने मेनीफेस्टो में जितनी भी बातें कहीं और रखी है वह सब की सब कहीं ना कहीं झूठ ही नजर आ रही है। जिस तरह से इलेक्टोरल बॉन्ड का घोटाला सामने आया है, उसने भाजपा की पोल खोल दी है।

भाजपा ने चंदे के नाम पर खुली वसूली की है जिसको दूसरे शब्दों में अवैध वसूली कहा जा सकता है। इतनी वसूली आज तक किसी भी सरकार ने नहीं की होगी।

यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार 16 लाख करोड रुपए उद्योगपतियों का माफ कर चुकी है, उन्हीं की कंपनियों से बड़े पैमाने पर भाजपा ने चंदा लिया है, जिसके परिणाम स्वरूप आज हम सबको खासी तादाद में महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों को न केवल एमएसपी दिलाएगा बल्कि उनका कर्ज माफी का अधिकार भी देगी। भाजपा ने किसी गरीब का कर्ज माफ नहीं किया है बल्कि उन संपन्न लोगों का कर्ज माफ किया है जिन्होंने कम से कम पांच करोड रुपए से ऊपर कर्ज लिया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव की आहट के बाद भाजपा ने किसानों के नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर दिया था। भाजपा ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को कभी लागू नहीं होने दिया अगर वाकई में आयोग की रिपोर्ट लागू कर दी जाती तो किसान कभी भी बदहाल नहीं रहता।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन भारतीय जनता पार्टी से अधिक सीटे जीतने जा रहा है, अगर इस बार चूक गए तो शायद वोट डालने का अधिकार भी खत्म हो जाए और भाजपा संविधान को भी खत्म कर दें।

# लखनऊ में तुलसियानी ग्रुप पर ईडी का छापा

**कंपनी के पास जमीन नहीं थी, लोगों को अपार्टमेंट देने का वादा कर रुपए लिए थे**

लखनऊ। ईडी ने बुधवार को रीयल एस्टेट का कारोबार करने वाली कंपनी तुलसियानी ग्रुप के कई ठिकानों पर छापा मारा है। ईडी की टीमें लखनऊ के पत्रकारपुरम के सहारा स्टेट मार्केट में इस समय तुलसियानी ग्रुप के आफिस में मौजूद है। टीम यहां पर सुबह में ही पहुंच गई थी। इस कंपनी में भाजपा के हरैया विधायक अजय सिंह की पार्टनरशिप है।




मामला सामने आने के बाद उन्होंने पूरे घटनाक्रम पर अपनी सफाई दी है। उनका कहना है कि उनके यहां पहले भी छापा पड़ चुका है लेकिन जांच में कुछ भी नहीं निकला। वह आगे भी किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हैं। विपक्ष लगातार सवाल खड़े करता है कि भाजपा सरकार में ईडी केवल विपक्ष के नेताओं के यहां छापे मारती है। उनका ये आरोप झूठा साबित हुआ है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है। मैं उनका सहयोग करूंगा।

### शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान तुलसियानी ग्रुप की ब्रांड एंबेसडर रह चुकी हैं

प्रयागराज, नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में भी ईडी की टीम छानबीन कर रही हैं। कंपनी पर बैंक और निवेशकों की करोड़ों रुपए की रकम हड़पने का आरोप है। बीते दिसंबर माह में ईडी ने कंपनी के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। मशहूर फिल्म अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान तुलसियानी ग्रुप की ब्रांड एंबेसडर रह चुकी हैं।

### बैंक मैनेजर ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

निवेशकों द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमों के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। कंपनी ने फर्जी दस्तावेज जमाकर पीएनबी से 4.63 करोड़ रुपए कर्ज लिया था।

जब बैंक ने कर्ज वसूली के लिए पत्राचार किया तो बिल्डर ने कोई जवाब नहीं दिया। बैंक मैनेजर की शिकायत पर तुलसियानी ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं, निवेशकों के करोड़ों रुपए हड़पने के आरोप में लखनऊ पुलिस ने अजय तुलसियानी और अनिल कुमार तुलसियानी को गिरफ्तार किया था। ईडी की प्रारंभिक पड़ताल में निवेशकों और बैंक की 30 करोड़ से अधिक रकम हड़पने की पुष्टि होने के बाद सुबूत जुटाने के लिए बुधवार को छापे मारे गए हैं।

# दूल्हे पर प्रेमिका ने तेजाब फेंका

बलिया, बांसडीह। बलिया में दूल्हे पर उसी की प्रेमिका ने तेजाब फेंक दिया। युवती उसकी शादी से नाराज थी। किसी को शक न हो, इसलिए सज धजकर बारात निकासी में पहुंची। मौका मिलते ही दूल्हे के पास पहुंच गई। कमर से बोतल निकाली और उसके चेहरे पर फेंक दिया।

गनीमत रही कि तेजाब दूल्हे के चेहरे पर नहीं पड़ा, लेकिन उसका हाथ झुलस गया। उसके पास खड़ीं 3 महिलाएं भी झुलस गईं। वारदात के बाद युवती भागने लगी। मगर बारातियों ने उसे पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया।

दूल्हे और महिलाओं को अस्पताल ले जाया गया। प्राइमरी इलाज के बाद डॉक्टरों से आग्रह कर दूल्हे को अस्पताल से डिस्चार्ज कराया गया। यह घटना मंगलवार की है। इस वारदात की वजह से बारात 10.30 बजे मऊ के लिए रवाना हुई। घटना बांसडीह थाना के डुमरी गांव की है।

### 2 साल से था अफेयर

गांव के लोगों ने बताया- 2 साल से दूल्हे राकेश बिंद का लक्ष्मीना से अफेयर चल रहा था। दोनों एक ही गांव के हैं। घरों के बीच की दूरी भी सिर्फ 150 मीटर है, इसलिए घरवाले रिश्ते के लिए राजी नहीं थे। दोनों शादी के लिए अड़े थे। मसले को सुलझाने के लिए कई बार पंचायत भी बुलाई गई।

पंचायत ने राकेश पर दबाव बनाया। राकेश के घरवालों ने उसे सूरत भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मामला शांत हुआ, तो राकेश के घरवालों ने उसकी शादी मऊ में तय कर दी।

7-8 दिन पहले राकेश सूरत से घर आया और शादी की तैयारियों में लग गया।

# प्रतापगढ़ में वंदे-भारत के सामने कूदकर युवती ने दी जान

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में बड़ी बहन से विवाद के बाद छोटी बहन ने वंदे भारत ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पिता चेन्नई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। घटना कुंडा कोतवाली के मवई क्रॉसिंग के पास की है। रजनपुर निवासी के चंद्र लाल चेन्नई में रहते हैं। घर पर उनकी पत्नी प्रभावती देवी अपनी दो बेटियों और एक बेटे के साथ रहती है। बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे किसी बात को लेकर छोटी बहन शिवानी और उसकी बड़ी बहन से विवाद हो गया। जिससे शिवानी नाराज हो गई। वह घर से एक किलोमीटर दूर आम की बाग में जाकर बैठ गई। दोपहर 2: 30 बजे लखनऊ से प्रयागराज जा रही वंदे भारत ट्रेन के सामने शिवानी ने कूद कर अपनी जान दे दी।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम भेजने की तैयारी में जुट गई, लेकिन परिजन पोस्टमॉर्टम कराने को तैयार नहीं हुए। पुलिस परिजनों को समझने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कुंडा थाना अध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने बताया की शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच पड़ताल जारी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बहन की शादी के मंडप में भाई की पीट-पीटकर हत्या

**गिफ्ट में टीवी-अंगूठी देना चाहता था, पत्नी नाराज थी; भाइयों को बुलाकर लाठी-डंडों से पिटवाया**

बाराबंकी। बाराबंकी में एक भाई की बहन की शादी के मंडप में हत्या कर दी गई। भाई बहन को एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी गिफ्ट में देना चाहता था। इसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। पत्नी ने मायके से अपने भाइयों को बुलाया, जिससे विवाद और बढ़ गया।

पत्नी के भाइयों ने मंडप ही में लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। घटना के बाद पुलिस ने पत्नी और साले समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पूरा मामला बड्डूपुर थाना के सहरी मजरे झरसावा गांव का है। यहां के रहने वाले चंद्र प्रकाश मिश्र की बहन पूजा



की शादी 26 अप्रैल को होनी है। शादी की तैयारियों में चंद्र प्रकाश लगा हुआ था।

घरवालों के साथ शादी के सामान की खरीदारी कर रहा था। शादी की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी थीं। मंगलवार से शादी की रस्में भी शुरू हो गई थीं। रिश्तेदार आना भी शुरू हो गए थे। चंद्र प्रकाश बहन को एलईडी टीवी और बहनोई को सोने की अंगूठी देना चाहता था। इसका उसकी पत्नी क्षमा विरोध कर रही थी। इस बात को लेकर कुछ दिनों से पति-पत्नी में विवाद चल रहा था।

मंगलवार शाम को घर में मंडप कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान भी चंद्र प्रकाश ने बहन को टीवी और अंगूठी देने की बात दोहराई। इस बात पर पत्नी भड़क गई और उसने मायके से भाइयों को बुला लिया।

### शादी के घर में ही दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

थोड़ी देर बाद क्षमा का भाई 5-6 दोस्तों के साथ चंद्र प्रकाश के घर पहुंचा। कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आवाज सुनकर हम लोग पहुंच गए। दोनों को समझाना शुरू किया। इसी बीच चंद्र प्रकाश के घरवालों ने कहा- यह हमारे घर का मामला है। इसमें किसी और हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

क्षमा इस बात पर और गुस्सा हो गई। चंद्र प्रकाश को पीटने की धमकी देने लगी। यह सुनकर चंद्र प्रकाश ने भड़क गया। इसी बीच क्षमा के भाई उसे लाठी-डंडों से दौड़ा-दौड़ाकर पीटने लगे। मंडप में ही उसको बुरी तरह से पीटा। चंद्र प्रकाश बेहोश हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट आ गई।गई।

## शार्ट न्यूज

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा की कुणाल रॉय कपूर के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक , बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज अपने बैंकिंग धोखाधड़ी जागरूकता अभियान पहचानकौन 3.0 को शुरू करने की घोषणा करते हुये इसके लिए अभिनेता कुणाल रॉय कपूर के साथ साझेदारी की है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इससे पहले के दो संस्करणों की शानदार सफलता तो आगे बढ़ाते हुए, इस नए अभियान का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से होने वाले डीपफेक स्कैम जैसी आधुनिक युग की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि इससे अत्यधिक सतर्कता बरतने वाले ग्राहक भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार बन सकते हैं। बैंक ने इस अभियान के तीसरे चरण में अभिनेता कुणाल रॉय कपूर द्वारा अभिनीत दो नई विज्ञापन फ़िल्में रिलीज़ की हैं। हँसी-मज़ाक के साथ जानकारी से भरे कंटेंट्स वाले ये वीडियो बताते हैं कि कोई भी व्यक्ति ङ्क यहाँ तक ? ?कि हमारे बीच का सबसे स्मार्ट और सबसे प्रभावशाली व्यक्ति भीङ्क किस तरह से अंत में धोखे का शिकार बन सकता है। आजकल परिवार के सदस्य/किसी करीबी रिश्तेदार के रूप में नकली पहचान बताकर, या फिर ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले लोगों को निशाना बनाने के लिए नकली डिलीवरी एजेंट के रूप में ओटीपी मांगकर लोगों को धोखा देने के लिए बिल्कुल नई डीपफेक तकनीक का उपयोग किया जाता है। दरअसल यह लोगों के निजी डेटा को हैक करने वाली तकनीक है और जालसाज़ आम लोगों को ठगने के लिए कई अलग-अलग तरीकों के साथ-साथ इसका भी इस्तेमाल कर रहे हैं।

### एनटीपीसी ने स्कोप बिज़नेस क्विज़ प्रतियोगिता जीती

नयी दिल्ली। सरकारी क्षेत्र के विद्युत उत्पादक उपक्रम (नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन)एनटीपीसी ने कहा है कि उसे सार्वजनिक उपक्रमों के मंच स्कोप की प्रतिष्ठित स्कोप बिज़नेस क्विज़ बोनांज़ा में शानदार जीत मिली है। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन सार्वजनिक उपक्रम दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित किया जाता है। एनटीपीसी की एक विज्ञप्ति के अनुसार राजधानी में स्कोप सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस प्रतियोगिता में उसकी ओर से शामिल टोली में- केएम प्रशांथ, जीएम (सीसी) और अंशुमन श्रीवास्तव, डीजीएम (सीपी)शामिल थे। उन्होंने अन्य प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रमों की टोलियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा में निर्णायक प्रतिस्पर्धा जीती। देश भर से विभिन्न महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों) से 100 से अधिक टीमों ने क्विज़ में हिस्सा लिया। शुरूआती स्क्रीनिंग राउण्ड के बाद दो सेमी फाइनल हुए। जिसके बाद ग्राण्ड फिनाले में चार टीमें थीं- एक टीम एनटीपीसी से और तीन टीमें सेल से। क्विज़ के चार राउण्ड्स के बाद एनटीपीसी टीम को विजेता घोषित किया गया। प्रतिस्पर्धा में प्रबंधन की अवधारणाओ, मौजूदा कारोबार घटनाओं, ब्राण्ड्स, कारोबार व्यक्तित्वों, इतिहास एवं सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से जुड़े सवाल शामिल किए गए।

### वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी ने अख्तर खत्री निदेशक सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी नियुक्त

वड़ोदरा। 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले प्रमुख कंपनी वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने श्री अख्तर खत्री को डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) नियुक्त करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 25 सालों के करियर के साथ श्री खत्री के पास बैंकिंग, फाइनेंस, सेल्स एवं मार्केटिंग का अनुभव है जो निश्चित रूप से इस नई भूमिका के लिए बेहद कारगर होगा। डायरेक्टर सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) के रूप में श्री खत्री दोपहिया/तिपहिया/ चार पहिया कारोबार के लिए सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी को संभालेंगे, साथ ही इंटरनेशनल मार्केट का भी नेतृत्व करेंगे। वह कारोबार के लक्ष्यों के अनुरूप सेल्स बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाएंगे। वे इंस्टीट्यूशनल सेल्स और कॉर्पोरेट कारोबार का भी नेतृत्व करेंगे। वे कंपनी के प्राथमिक दृष्टिकोण के मद्देनज़र वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स की सेल्स को नई उंचाईयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे। उनका सक्रिय दृष्टिकोण और व्यापक कौशल बाज़ार के अवसरों का लाभ उठाने में कारगर साति होगा और स्थायी परिवहन समाधानों में लीडर के रूप में वार्डविज़र्ड की स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगा।

### एएसके ऑटोमोटिव का ऐसिन ग्रुप कंपनीज़ के साथ संयुक्त उद्यम

नयी दिल्ली। दोपहिया वाहनों के लिए में ब्रेक शूज़ और अडवान्स्ड ब्रेकिंग सिस्टम बनाने की वाली कंपनी एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड ने पैसेंजर कार प्रोडक्ट के लिए इंडीपेंडेन्ट आफ्टरमार्केट में ऑटो कम्पोन्ट की मार्केटिंग और बिक्री के लिए ऐसिन ग्रुप कंपनीज़ के साथ एक संयुक्त उद्यम बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ऐसिन एशिया (थाईलैण्ड) कंपनी लिमिटेड और एसिन ऑटोमोटिव हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड इसमें शामिल हैं। इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां, पैसेंजर कार प्रोडक्ट्स के इंडीपेंडेंट आफ्टरमार्केट के लिए भारत, नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में अपने फुटप्रिन्ट का विस्तार करेंगी। यह संयुक्त उद्यम एएसके ऑटोमोटिव की वितरण नेटवर्क क्षमता और ऐसिन ग्रुप कंपनीज़ की क्षमता का उपयोग करेगा। दोनों के संसाधान और विशेषज्ञता अंतिम उपभोक्ता के लिए इंडीपेंडेंट आफ्टरमार्केट में उच्च गुणवत्ता पैसेंजर कार प्रोडक्ट्स को सुलभ बनाने में योगदान देंगे।

### जम्मू-कश्मीर में किरू जल विद्युत परियोजना के लिये आरईसी से 1,869 करोड़ रु का कर्ज मंजूर

नयी दिल्ली। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी आरईसी लिमिटेड ने जम्मू-कश्मीर में कश्तवाड़ जिले में किरू जल विद्युत परियोजना के लिये 1869 करोड़ रुपये का कर्ज मंजूर किया है। विद्युत मंत्रालय की एक बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार आरईसी लि ने इसके लिये चिनाब घाटी विद्युत परियोजना प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत आरईसी, सीवीपीपीएल को सावधि ऋण के रूप में 1,869.265 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। इस ऋण का उपयोग जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर ग्रीनफील्ड 624 मेगावाट क्षमता की नयी किरू जल विद्युत परियोजना के विकास, निर्माण और परिचालन के लिये किया जायेगा। इस परियोजना में 156-156 मेगावाट पनबिजली उत्पन्न करने वाली चार इकाइयां स्थापित की जायेंगी। किरू जलविद्युत परियोजना में 135 मीटर ऊंचाई के बांध और 156 मेगावाट की चार इकाइयों के साथ एक भूमिगत पावर हाउस के निर्माण की परिकल्पना की गयी है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाने के अवसर पर इस अवसर पर सीवीपीपीपीएल के प्रबंध निदेशक रमेश मुखिया, महाप्रबंधक वसंत हुरमाडे और महाप्रबंधक संजय कुमार गुप्ता और आरईसी लिमिटेड के उप महाप्रबंधक प्रमोद कुमार सोनी और उप महाप्रबंधक ऋषभ जैन उपस्थित थे।

### ईडी ने पात्रा चॉल मामले में जब्त की 74 करोड़ रुपये की संपत्ति

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई शाखा ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने पात्रा चॉल पुनर्विकास मामले में पालघर, दापोली, रायगढ़ और ठाणे में प्रवीण राउत और उनके करीबी सहयोगियों की 73.62 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। इस मामले में अब तक कुल 116.27 करोड़ रुपये की संपत्ति जब की जा चुकी है। करीब 47 एकड़ की पात्रा चॉल महाराष्ट्र हाउसिंग एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) की है। इसमें 672 किराएदार रहते हैं। प्रवीण राउत ने गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के जरिए म्हाडा और किरादारों के साथ इसके पुनर्निर्माण के लिए एग्रीमेंट किया था। उन्हें यहां फ्लैट्स बनाकर म्हाडा को हैंडओवर करने थे। ईडी के मुताबिक प्रवीण राउत और हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के राकेश कुमार वाधवा, सारंग वाधवा और गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन के अन्य निदेशकों ने इसकी जमीन के कुछ हिस्से को 1,034 करोड़ रुपए में दूसरे बिल्डर्स को गैरकानूनी ढंग से बेच दिया।

# सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी

मुंबई। इजराइल-ईरान तनाव को लेकर जारी चिंता कम होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और इंडस्ट्रियल्स समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन बढ़त का सिलसिला जारी रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक मजबूत होकर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.40 अंक चढ़कर 22,402.40 अंक हो गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,956.70 अंक और स्मॉलकैप 0.79 प्रतिशत उठकर 46,858.60 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3929 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2253 हरे जबकि 1567 लाल निशान पर बंद हुई वहीं 109 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियों में तेजी जबकि अन्य 20 में गिरावट रही।

बीएसई के 17 समूह मजबूत रहे। इससे धातु 2.83, कमोडिटीज 1.62, सीडी 0.16, ऊर्जा 0.69, एफएमसीजी 0.08, वित्तीय सेवाएं 0.37, हेल्थकेयर 1.03, इंडस्ट्रियल्स 1.13, यूटिलिटीज 0.49, ऑटो 0.06, बैंकिंग 0.53, कैपिटल गुड्स 0.90,



कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.49, तेल एवं गैस 0.96, पावर 0.54, रियल्टी 0.81 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.79 प्रतिशत लाभ में रहे। विदेशी बाजारों का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.57, जर्मनी का डैक्स 0.24, जापान का निक्केई 2.42, हांगकांग का हैंगसेंग 2.21, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.01 और चीन शंघाई कम्पोजिट 0.76 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 219 अंक की तेजी के साथ 73,957.57 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत दोपहर से पहले 74,121.61 अंक के उच्चतम स्तर को छुआ। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,788.61 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 73,738.45 अंक की तुलना में 0.16 प्रतिशत बढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी भी 54 अंक उठकर 22,421.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,476.45 अंक के उच्चतम जबकि 22,384.00 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,368.00 अंक के मुकाबले 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,402.40 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर मजबूत रहे उनमें जेएसडब्ल्यू स्टील 3.72, टाटा स्टील 2.73, पावरग्रिड 1.75, कोटक बैंक 1.64, अल्ट्रासिमको 1.48, एनटीपीसी 1.25, बजाज फाइनेंस 0.94, एक्सिस बैंक 0.72, एलटी 0.69, टाटा मोटर्स 0.51, आईसीआईआई बैंक 0.40, एचडीएफसी बैंक 0.25 और एसबीआई 0.02 प्रतिशत शामिल हैं। वहीं, टेक महिंद्रा 1.17, टीसीएस 1.11, मारुति 0.72, इंफ़ोसिस 0.68, रिलायंस 0.61, टाइटन 0.54, एचसीएल टेक 0.47, भारती एयरटेल 0.45, विप्रो 0.39, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.35, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.16, एशियन पेंट 0.14 और आईटीसी के शेयर 0.08 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# ई-रिक्शा के लिये सरकार की सुरक्षा पहलों की उद्योगजगत में सराहना

नयी दिल्ली। ई-रिक्शा उद्योग ने देश में बैटरी चालित तिपहिया वाहनों की गति सीमा आदि को लेकर प्रस्तावित सुरक्षा संबंधी पहलों का स्वागत किया है और ऐसे उपायों की जरूरतों को स्वीकार किया है।

इस पहल के महत्व पर प्रमुख ई रिक्शा निर्माताओं में से एक लोहिया के सीईओ आयुष लोहिया ने बताया कि यह कदम रोजगार सृजन में ई-रिक्शा की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुये सुरक्षा चिंताओं को दूर करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

उन्होंने एक बयान में प्रदूषण रहित एवं सुरक्षित शहरी याता-यात के लिये ई-रिक्शा के प्रोत्साहन के व्यावहारिक समाधान के रूप में बैटरियों को अलग करने की वकालत करते हुए वाहन की लागत को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

उद्योग जगत के अनुसार इस समय देश में सड़कों पर ई-रिक्शा में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जिनकी कुल संख्या लगभग 15 लाख वाहन पहुंच गयी है।



सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि ई-रिक्शा पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2020-21 में मात्र 78,700 से बढ़कर पिछले वित्तीय वर्ष में 4,00,000 से अधिक हो गयी है।

इन वाहनों की मजबूती और यात्री सुरक्षा से संबंधित चिंताओं ने सरकार को डिजाइन में सुधार पर विचार करने के लिये प्रेरित किया है। मोटर वाहन नियमों के अनुसार इन वाहनों को स्पीडोमीटर की अनिवार्य स्थापना के साथ अधिकतम 25 किमी प्रति घंटे की गति तक सीमित रखा गया है।

ओवरलोडिंग को रोकने के लिये इन पर चार से अधिक यात्रियों को ले जाने की अनुमति नहीं है क्योंकि ओवर लोडिंग से वाहन पलटने का खतरा बढ़ता है।

उद्योग जगत के अनुसार प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने ई-रिक्शा से जुड़े विषयों पर हाल में एक बैठक बुलाई थी। सरकार ने सड़क परिवहन मंत्रालय को सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर ध्यान देने के साथ इन वाहनों की व्यापक समीक्षा करने का काम सौंपा है।

पीएमओ ने मंत्रालय से ई-रिक्शा को व्यापक रूप से अपनाने वाले कारकों का विश्लेषण करने और उनकी सफलता से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का भी आग्रह किया है। सुरक्षा बढ़ाने के प्रस्तावित उपायों में बेहतर स्थिरता के लिये वाहनों को चौड़ा करना, फिटनेस परीक्षण और उत्पादन अनुरूपता प्रोटोकॉल को परिष्कृत करना शामिल है, जिसमें परीक्षण अंतराल तीन और दो साल निर्धारित किये गये हैं।

ई-रिक्शा निर्माता मानते हैं कि है कि इसकी लोकप्रियता को देखते हुये शहरों में इनकी भीड़भाड़ और सुरक्षा खतरों के संबंध में चिंतायें बनी हुई हैं, जिसके लिये त्वरित सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता है।

उद्योग जगत के लोगों का कहना है कि भारतीय कंपनियों द्वारा बनाए गए ये साधारण ई-रिक्शा देश में ईवी क्रांति को शक्ति दे रहे हैं।

पिछले दशक में भारत में लगभग 17 लाख तीन पहिया ईवी बेची गयी हैं। पिछले महीने ही लगभग 500 निर्माताओं ने 44,000 से अधिक ई-रिक्शा बेचे, जिनमें से अधिकांश घरेलू थे।

## ट्राई ने टेलीकॉम ऑपरेटरों के सक्रिय, निष्क्रिय बुनियादी ढांचे को साझा करने की सिफारिश की

नयी दिल्ली। सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और लागत कम करने के उद्देश्य से भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने बुधवार को दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के बीच सक्रिय और निष्क्रिय बुनियादी ढांचे को साझा करने की सिफारिश की।

ट्राई ने इस संबंध में अपनी सिफारिशों में कहा कि यह एक ऐसा कदम है जो पूरे देश में तेजी से नेटवर्क स्थापित करने में मदद करेगा।

उसने अपनी सिफारिशों में कहा कि टेलीकॉम ऑपरेटर लाइसेंसधारियों को संबंधित लाइसेंस के तहत उनके द्वारा स्वामित्व, स्थापित और संचालित निष्क्रिय बुनियादी ढांचे जैसे भवन, टावर, बैटरी और पावर प्लांट, डार्क फाइबर, डक्ट स्पेस, राइट ऑफ वे इत्यादि को साझा करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

इसमें कहा गया है कि दूरसंचार ऑपरेटरों को उनकी सेवाओं के दायरे के अनुसार सभी प्रकार के दूरसंचार सेवा लाइसेंसधारियों के साथ संबंधित लाइसेंस के तहत उनके स्वामित्व, स्थापित और संचालित सभी प्रकार के सक्रिय बुनियादी ढांचे के तत्वों को साझा करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

ट्राई ने कहा, दूरसंचार बुनियादी ढांचे के बंटवारे पर सिफारिशों के कार्यान्वयन से दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अधिक लागत दक्षता और बाजार में बेहतर समय लाने में मदद मिलेगी। इसका उद्देश्य सरकारी वित्त पोषित बुनियादी ढांचे के प्रभावी उपयोग के माध्यम से वंचित क्षेत्रों में दूरसंचार कवरेज के लाभों को एक से अधिक दूरसंचार सेवा प्रदाताओं तक पहुंचाना है।

इसके अलावा, दूरदराज और दूर-दराज के इलाकों में सरकारी फंडिंग से निर्मित मोबाइल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर पर अनिवार्य रोमिंग की सिफारिशों का उद्देश्य होम नेटवर्क प्रदाता की कनेक्टिविटी समस्याओं के कारण ग्राहकों को होने वाली कठिनाई को कम करना है।

स्पेक्ट्रम साझा करने के संबंध में, ट्राई ने सिफारिश की कि एलएसए में एक्सेस सेवा प्रदाताओं के बीच इंटर-बैंड एक्सेस स्पेक्ट्रम साझा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। वर्तमान में देश में केवल स्पेक्ट्रम ट्रेडिंग और इंट्रा-बैंड स्पेक्ट्रम शेयरिंग की अनुमति है। दुर्लभ स्पेक्ट्रम के अधिक कुशल उपयोग के लिए, ट्राई का मानना है कि स्पेक्ट्रम लीजिंग और इंटर-बैंड स्पेक्ट्रम शेयरिंग की भी अनुमति दी जानी चाहिए।

# एक्सिस बैंक को अंतिम तिमाही में 7130 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने गुरुवार को मार्च 2024 तिमाही के लिए 7,129.67 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि मार्च 2023 को समाप्त तिमाही में 5,728,42 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की इस अंतिम तिमाही के लिए उसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) वार्षिक 11 प्रतिशत बढ़कर 13,089 करोड़ रुपये हो गई। तिमाही के लिए शुल्क आय सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 5,637 करोड़ रुपये हो गई। खुदरा शुल्क सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़ा और बैंक की कुल शुल्क आय का 74 प्रतिशत था। बैंक ने कहा, खुदरा कार्ड और भुगतान शुल्क में सालाना 39 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। कॉर्पोरेट और वाणिज्यिक बैंकिंग शुल्क कुल मिलाकर 2 प्रतिशत बढ़कर 1,478 करोड़ रुपये हो गया। तिमाही के लिए व्यापारिक आय लाभ 1,021 करोड़ रुपये रहा; विविध आय 107 करोड़ रुपये रही।

# एयरटेल ने लेह और लद्दाख में नेटवर्क कवरेज का किया विस्तार

नयी दिल्ली। टेलीकॉम सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने आज लेह और लद्दाख के दूरगम क्षेत्रों में अपने नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह विकास आगामी यात्रा सीजन के लिए बिल्कुल सही समय पर हुआ है, जो यात्रियों को पूरे क्षेत्र में असीमित 5जी सेवा का आनंद लेने के लिए प्रेरित करेगा। अब एयरटेल का नेटवर्क लद्दाख के 40 से ज़्यादा इलाकों में उपलब्ध है। इससे वहां के रहने वाले लोग और यहां आने वाले यात्री अपनी पूरी यात्रा के दौरान अच्छी कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकेंगे। यह भारत के मनोरम क्षेत्र लेह और लद्दाख में बिना




किसी रुकावट के कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की एयरटेल की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसका आनंद सभी यात्री लेते हैं।

एयरटेल जम्मू और कश्मीर के सीओओ आदर्श वर्मा ने कहा, हमें लेह और लद्दाख क्षेत्र में ग्राहकों के लिए अपने नेटवर्क अनुभव को बढ़ाकर खुशी हो रही है। हमें पूरा विश्वास है कि इस यात्रा सीजन में, हमारे ग्राहक हर जगह उपलब्ध हाई-स्पीड डेटा तक पहुंच की शक्ति का आनंद लेंगे जो इन प्रतिष्ठित स्थानों में नए अवसरों और अनुभवों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा।

जांस्कर घाटी में अपनी नेटवर्क को मजबूत करने के बाद, एयरटेल ने लेह के चुनिंदा इलाकों में अपनी अत्याधुनिक एयरटेल 5जी सेवा शुरू की, जो इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी मानकों के लिए एक नया पैमाना स्थापित कर रही है। लेह के प्रमुख पर्यटन स्थल – दुरबुक, तांगत्से, पैंगोंग झील, हॉल ऑफ फेम, मैग्नेटिक हिल, संगम (सिंधु और जांस्कर नदी), दिसकित और तुरतुक – अब एयरटेल के अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से लैस हो गए हैं। इससे, यहां आने वाले पर्यटकों को लुभावने नजरों के बीच तेज इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। चांग-ला दर्रा, गुरुद्वारा पत्थर साहिब, लामायुरु मठ, मून लैंड, अलची और लिकिर मठ, खारदुंग-ला दर्रा, हुंडर आदि जगहों पर घूमने वाले यात्री सोशल मीडिया पर भी जुड़े रहने का आनंद ले सकेंगे। 5जी की शुरुआत के साथ, यात्री अब प्रसिद्ध चादर ट्रेक पर जाते समय या केवल इस इलाके की प्राकृतिक सुंदरता को निहारते हुए भी अनलिमिटेड 5जी डेटा का आनंद उठा सकते हैं।

# कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में14 साल के शीर्ष पर

नई दिल्ली। मजबूत मांग के कारण देश की कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में लगभग 14 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है।

यह मजबूत आर्थिक विकास का संकेत है। एचएसबीसी का खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी पीएमआई अप्रैल में बढ़कर 62.2 हो गया। मार्च में यह 61.8 पर था।

पीएमआई से पता चलता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में विस्तार का संकेत है। महंगाई में कमी के बावजूद रेपो दर में कटौती में देरी हो सकती है क्योंकि महंगाई में आगे बहुत गिरावट की संभावना नहीं है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछली कुछ तिमाहियों में मजबूत विस्तार के बाद इस साल भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए अच्छी स्थिति में है।

अगस्त 2021 से पीएमआई 50 से ऊपर रहा है। 50 से ऊपर का मतलब कारोबारी गतिविधियों में तेजी और इससे कम का मतलब कमजोरी है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए ऑर्डरों में बढ़ोतरी से विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन दिखा है।

### नौकरियों में वृद्धि को मिला समर्थन

बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयासों से नौकरियों में वृद्धि को समर्थन मिला, जो विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक था। यह डेढ़ साल में सबसे तेज गति से बढ़ी। हालांकि मांग की मजबूती से खर्चों का भार ग्राहकों पर डाल दिया गया। सर्वे के अनुसार, महंगाई इतनी तेजी से नहीं गिर सकती कि आरबीआई किसी भी समय दर में कटौती पर विचार करना शुरू कर दे।

# आरबीआई ने एआरसी के लिए मास्टर निर्देश किया जारी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों की तनावग्रस्त वित्तीय संपत्तियों के समाधान के उद्देश्य से बुधवार को परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) के लिए मास्टर दिशानिर्देश जारी किए और न्यूनतम शुद्ध स्वामित्व वाली निधि (एनओएफ) 300 करोड़ रुपये तय की।

आरबीआई ने एआरसी के लिए अपने मास्टर निर्देशों में कहा, प्रतिभूतिकरण या परिसंपत्ति पुनर्निर्माण का व्यवसाय शुरू करने के लिए, एआरसी के पास न्यूनतम एनओएफ 300 करोड़ रुपये होना आवश्यक है।

11 अक्टूबर, 2022 तक मौजूद एआरसी को 300 करोड़ रुपये की न्यूनतम आवश्यक एनओएफ प्राप्त करने के लिए ग्लाइड पथ प्रदान किया गया है। उन्होंने 100 करोड़ रुपये के एनओएफ के साथ शुरुआत की थी, जिसे मार्च, 2024 तक 200 करोड़ रुपये और मार्च 2026 तक 300 करोड़ रुपये तक बढ़ाना है।

उपरोक्त किसी भी चरण में गैर-अनुपालन के मामले में, गैर-अनुपालन करने वाला एआरसी पर्यवेक्षी कार्रवाई के अधीन होगा, जिसमें उस समय लागू आवश्यक




न्यूनतम एनओएफ तक पहुंचने तक व्यवसाय करने पर प्रतिबंध भी शामिल है। एआरसी को दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 (आईबीसी) के तहत समाधान आवेदकों के रूप में उन गतिविधियों को करने की अनुमति दी गई है जिन्हें अधिनियम के तहत विशेष रूप से अनुमति नहीं है। यह अनुमति शर्तों के अधीन होगी। शर्तों में अन्य बातों के अलावा, एआरसी का न्यूनतम एनओएफ 1,000 करोड़ रुपये होना शामिल है; एआरसी के पास समाधान आवेदक की भूमिका निभाने के संबंध में एक बोर्ड-अनुमोदित नीति होगी जिसमें गतिविधियों का दायरा, क्षेत्रीय जोखिमों के लिए आंतरिक सीमा आदि शामिल हो सकते हैं; आईबीसी के तहत समाधान योजना प्रस्तुत करने के प्रस्तावों पर निर्णय लेने के लिए अधिकांश स्वतंत्र निदेशकों वाली एक समिति का गठन किया जाएगा।

# गर्मी में इस साल चीनी की रिकॉर्ड खपत

नई दिल्ली। भीषण गर्मी के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों की वजह से देश में इस साल चीनी की खपत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। अधिक खपत से न सिर्फ चीनी उत्पादक कंपनियों का मार्जिन बढ़ेगा बल्कि गन्ना किसानों को समय पर भुगतान करने में मदद मिलेगी। हालांकि, चीनी की मांग बढ़ने से घरेलू बाजार में इसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लि. के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवरे ने कहा, गर्मी के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों की वजह से चीनी की मांग में असामान्य वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे इस साल चीनी की कुल खपत बढ़कर रिकॉर्ड 2.9 करोड़ टन पहुंच सकती है।

30 सितंबर को समाप्त विपणन वर्ष 2022-23 में कुल खपत 2.78 करोड़ टन रही थी। बलरामपुर चीनी मिल्स की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने कहा, देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। इस बीच हो रही सियासी रैलियों में लाखों की भीड़ जुटने से आइसक्रीम और शीतल पेय की खपत बढ़ गई है, जिससे चीनी की मांग औसत से ज्यादा है।

मुंबई स्थित एक डीलर ने बताया, मार्च के मध्य से जून तक गर्मी के महीनों में कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम की मांग बढ़ जाती है।

इससे देश में अप्रैल-जून के दौरान चीनी की खपत बढ़कर 75 लाख टन पहुंच सकती है। यह सालाना आधार पर 5 फीसदी ज्यादा है।

### तीन फीसदी बढ़े दाम

बॉम्बे शुगर मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा, सरकार ने पिछले साल की तुलना में अप्रैल के लिए अधिक कोटा आवंटित किया है। लेकिन, थोक उपभोक्ताओं की मजबूत मांग से एक पखवाड़े में चीनी के दाम करीब तीन फीसदी बढ़ गए हैं।

### चुनावी बॉन्ड मामले में कॉरपोरेट और नेताओं के बीच सांठगांठ की हो एसआईटी जांच

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड की जांच से जुड़ी के लिए एक याचिका दायर की गई है। याचिका में इलेक्टोरल बॉन्ड्स (चुनावी बॉन्ड्स) के माध्यम से कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच परस्पर सांठगांठ के कथित उदाहरणों की जांच एक विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की गई है। याचिका में अधिकारियों को शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों को मिलने वाले वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

## शार्ट न्यूज

### डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के लिए संपन्न हुए चुनाव

वाराणसी। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पहलवान नरसिंह पंचम यादव भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के सात सदस्यीय एथलीट पैनल के अध्यक्ष चुने गए हैं। इस पैनल में शामिल होने के लिए आठ उम्मीदवार दौड़ में थे जिसके बाद सात पदों के लिए मतदान हुए। चुनाव के बाद चुने हुए सात सदस्यों ने नरसिंह को पैनल का अध्यक्ष चुना। नरसिंह सिंह 2016 रियो ओलंपिक में जगह बनाने से अंतिम क्षणों में चूक गए थे। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार उस वक्त चोटिल होने के कारण क्वालीफिकेशन इवेंट में नहीं खेल पाए थे और उन्होंने नरसिंह के खिलाफ ट्रायल की मांग की थी। सुशील ने इसके लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया था, लेकिन उनकी अपील खारिज होने के बाद यह तय हो गया था कि नरसिंह ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हालांकि इन खेलों से ठीक पहले नरसिंह दो बार डोप टेस्ट में फेल हो गए थे खेल पंचाट ने उन पर इसके लिए चार साल का प्रतिबंध लगा दिया था, जबकि राष्ट्रीय डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने नरसिंह को क्लीन चिट दी थी। खेल पंचाट का निर्णय उनकी ओपनिंग बाउट से पहले आया था जिस कारण नरसिंह को बिना खेले ही ओलंपिक से हटना पड़ा था। नरसिंह पर लगा प्रतिबंध जुलाई 2020 में समाप्त हो गया था और उन्होंने कहा था कि साजिश के तहत यह सब किया गया था। नरसिंह के अलावा डब्ल्यूएफआई के एथलीट पैनल में शामिल अन्य छह सदस्य हैं।

### बोल्ट टी-20 वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेसडर बने

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ओलिंपिक लिजेंड उसैन बोल्ट को आगामी आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। टी-20 वर्ल्ड जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। 11 बार के वर्ल्ड चैंपियन बोल्ट वेस्टइंडिज के जमैका से हैं। उन्होंने 2017 में लंदन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने आखिरी टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था। बोल्ट ने कहा, मैं आगामी टी-20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर बनकर रोमांचित हूं। इस खेल ने हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखा है, और मैं वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और वर्ल्ड लेवल पर क्रिकेट के डेवलेपमेंट में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि मैं निश्चित रूप से वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस गेम को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट मार्केट है और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए हम जो करेंगे, वह 2028 में ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका है। बोल्ट ने 100 मीटर रेस 9.58 सेकंड और 200 मीटर रेस 19.19 सेकंड में पूरी की थी। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। बोल्ट ने 3 ओलिंपिक में 8 गोल्ड जीते थे। इनमें से 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 2, जबकि 2012 लंदन ओलिंपिक और 2016 रियो ओलिंपिक में 3-3 गोल्ड जीते थे।

### प्लेयर्स की सैलेरी बढ़ाने पर विचार कर रहा बीसीसीआई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड घरेलू खिलाड़ियों के लिए सैलेरी बढ़ाने पर विचार कर रहा हैं। क्रिकेट वेबसाइट के मुताबिक, इसके लिए अजित अगरकर की सिलेक्शन कमेटी को इसे को लागू करने के बारे में सुझाव देने का काम सौंपा गया है। हालांकि, बढ़ी हुई मैच फीस की घोषणा की संभावना नहीं है, लेकिन नेशनल सिलेक्शन कमेटी ने प्रस्ताव पर चर्चा की है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि IPL में हिस्सा नहीं लेने वाले घरेलू खिलाड़ी वंचित महसूस न करें। अलग-अलग योजनाओं पर विचार चल रहा है लेकिन बीसीसीआरई इस बात पर एकमत है कि घरेलू क्रिकेटरों की फीस कम से कम दोगुनी होनी चाहिए। एक सोच यह भी है कि अगर घरेलू खिलाड़ी ने 10 रणजी ट्रॉफी मैच खेले हैं तो उन्हें सालाना 75 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए के बीच कमाई करने की स्थिति में होना चाहिए। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने रणजी ट्रॉफी प्लेयर्स की फीस बढ़ाने का फैसला ले चुकी हैं। प्लेयर्स की सैलरी अगले सीजन से दोगुनी बढ़ जाएगी। अनुभवी खिलाड़ियों को 2024-25 के सीजन से एक फर्स्ट क्लास मैच के लिए 4.80 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं बाकी बोर्ड के प्लेयर्स को एक मैच के 2.40 लाख रुपए मिलते हैं।

### स्टोयनिस ने धोनी के साथ बातचीत का जिक्र किया

लखनऊ सुपर जायंट्स के बैटिंग-ऑलराउंडर मार्कस स्टोयनिस ने चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी के साथ बातचीत के बारे में बताया है। स्त्र ने बुधवार को एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें स्टोयनिस ने बताया कि कैसे धोनी के एक मंत्र ने उनके खेल को बदल दिया। वीडियो में स्टोयनिस ने कहा, धोनी ने मुझे समझाया था कि हालात के मुताबिक खुद को बदलने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, एमएस धोनी ने मुझे एक बात बताई थी। उन्होंने कहा था कि बड़े मैचों में हर कोई सोचता है कि मुझे कुछ अलग करना है। लेकिन धोनी ऐसा कुछ नहीं करते हैं और वो हर परिस्थिति में एक जैसे रहते हैं। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। मार्कस स्टोयनिस ने आईपीएल रन चेज में सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर बनाया। उन्होंने मंगलवार को सीएसके के खिलाफ 124 रन की पारी खेली। इसी के साथ स्टोयनिस ने 13 साल पुराना पंजाब किंग्स के पॉल वॉलथेटी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पॉल ने साल 2011 में मोहाली के मैदान पर सीएसके के खिलाफ नाबाद 120 रन की पारी खेलते हुए 189 रन चेज किए और 6 विकेट से पंजाब को मुकाबला जिताया था।

### चीन : अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 चालक दल के साथ 25 अप्रैल को होगा प्रक्षेपित

जिउक्वान। उत्तर पश्चिमी चीन में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 चालक दल के साथ बीजिंग समय के अनुसार गुरुवार को रात 8: 59 बजे प्रक्षेपित किय जायेगा। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। सीएमएसए के उप निदेशक लिन ज़िकियांग ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 अंतरिक्ष उड़ान मिशन को पूरा करने के लिए तीन अंतरिक्ष यात्रियों - ये गुआंगफू, ली कांग और ली गुआंगसु - को ले जाएगा और श्री ये इसके कमांडर होंगे। शेनझोउ-18 चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम का 32वां उड़ान मिशन है और चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के अनुप्रयोग और विकास चरण के दौरान तीसरा मानवयुक्त मिशन है। चालक दल लगभग छह महीने तक कक्षा में रहेगा और उनका इस साल अक्टूबर के अंत में उत्तरी चीन के भीतरी मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में डोंगफेंग लैंडिंग साइट पर लौटने का कार्यक्रम है। लिन ने कहा प्रक्षेपण में लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट का उपयोग किया जाएगा, जो जल्द ही प्रणोदक से भर जाएगा। लिन ने कहा, शेनझोउ-18 चालक दल को कक्षा में काम सौंपने के बाद शेनझोउ-17 चालक दल 30 अप्रैल को डोंगफेंग लैंडिंग साइट पर लौटने वाला है।

### अलास्का में विमान नदी में गिरा

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में अलास्का राज्य के फेयरबैंक्स में मंगलवार को एक डगलस डीसी-4 हवाई जहाज नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, फेयरबैंक्स में तानाना नदी के क्षेत्र में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना के बाद वहां बचाव और राहत कार्य जोरशोर से चलाया जा रहा है। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के अलास्का प्रमुख क्लिंट जॉनसन ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि जब डगलस डीसी-4 फेयरबैंक्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के दक्षिण में प्रस्थान करने के तुरंत बाद सुबह 10: 30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ तो उस पर कितने लोग सवार थे। हवाई अड्डे ने एक बयान में कहा, हम कलेनबर्ग रोड के पास तानाना नदी पर डगलस डीसी-4 विमान से जुड़ी मौजूदा स्थिति को स्वीकार करते हैं। अलास्का स्टेट ट्रूपर्स सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया का नेतृत्व कर रहे हैं और हम उनके साथ सहयोग कर रहे हैं। फेयरबैंक्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने जनता से इस क्षेत्र से बचने का आग्रह किया।

# सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर कायम



दुबई। भारत के स्टार सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी टी-20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग के साथ शीर्ष पर कायम है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकट परिषद (आईसीसीआई) की जारी ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हाल ही में टी-20 में सबसे तेज तीन हजार रन बनाने वाले पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रैंकिंग में कोई फायदा मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। उनकी रेटिंग 800 की है।

इस बीच दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम एक पायदान आगे बढ़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं और उनकी रेटिंग 755 की है। मारक्रम के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को नुकसान हुआ है और वे एक स्थान नीचे खिसक कर पांचवें नंबर पर पहुंचे गये हैं।

शीष पांच बल्लेबाजों के बाद छठे स्थान पर 714 रेटिंग के साथ यशस्वी जायसवाल हैं। दक्षिण अफ्रीका के राइली रूसो 689 की रेटिंग के साथ सातवें नंबर पर हैं। इंग्लैंड के जॉस बटलर 680 की रेटिंग के साथ अब एक स्थान की उछाल के साथ आठवें नंबर पर पहुंच हैं। न्यूजीलैंड के फिन ऐलन एक स्थान नीचे यानी नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 666 की है। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेड्रिक्स 660 की रेटिंग के साथ अभी भी नंबर 10 पर बने हुए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी एक बार फिर पाकिस्तान के सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज हैं। वह न्यूजीलैंड केखिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाजी में टीम साउदी और साथी तेज हारिस रऊफ 22वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के आदिल रशीद गेंदबाजों की नवीनतम टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम हैं, जबकि साथी स्पिनर ईश सोढ़ी को भी पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में न्यूजीलैंड के लिए तीन विकेट लेने के बाद रैकिंग में कुछ सुधार हुआ है।

# सीएसके को सही लय की तलाश है : फ्लेमिंग



चेन्नई । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि खिलाड़ियों को सही लय की तलाश है।

फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस वार्ता में कहा, हम टीम कॉम्बिनेशन और लय दोनों को प्राप्त करने का प्रयास कर रही हैं। हम कुछ एरिया में थोड़े असहज हैं। हालांकि हम जल्द समाधान ढूंढने की जल्दबाजी में भी नहीं है। हमारी यही प्रयास है कि हम खिलाड़ियों के सटीक कॉम्बिनेशन को ढूंढ लें जो टूर्नामेंट के बैक एंड में हमारे काम आ सकें।

उन्होंने कहा, ऐसा नहीं था कि हम इस मैच में पूरी तरह से बाहर थे लेकिन अगर परिस्थितियां अलग होतीं तो नतीजा अलग भी हो सकता था। उल्लेखनीय है कि सीएसके का अगला मैच रविवार को सनराइर्स हैदराबाद (एसआरएच) के साथ है। हैदराबाद को वनिंदु हसरंगा की अनुपस्थिति और मयंक मार्कण्डे के फ़ॉर्म में ना होने की कमी खल सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद , सीएसके को चेन्नई में खेले चार मैचों में अब तक नहीं हरा पाई है।

# ओस के कारण हमारे स्पिनर्स मैच से बाहर हो गए : ऋतुराज

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि ओस के कारण हमारे स्पिनर्स मैच से बाहर हो गए और हमें लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच में शतक जड़ने वाले लखनऊ के कप्तान ऋतुराज ने कहा, यह हार एक कड़वी घूंट की तरह है, लेकिन अच्छा क्रिकेट देखने को मिला। लखनऊ ने आखिरी ओवरों में अच्छा खेल दिखाया और मैच को हमसे दूर ले गए। 13-14 ओवर तक खेल हमारे नियंत्रण में था, लेकिन मार्कस स्टॉयनिस को मेरा सलाम है। उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया। इसके अलावा ओस ने भी इस मैच में अहम भूमिका निभाई। ओस के कारण हमारे स्पिनर्स मैच से बाहर हो गए, लेकिन आप इन सब चीज़ों को नियंत्रित नहीं कर सकते।

ऋतुराज ने कहा, हमने अपना दूसरा विकेट पावरप्ले में ही गंवा दिया था, जिसके कारण जडेजा को नंबर चार पर बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा। हमारे दिमाग में यह स्पष्ट था कि पावरप्ले के बाद अगर कोई विकेट गिरता है तो दुबे ही बल्लेबाजी के लिए आएंगे। आप किसी को यह नहीं कह सकते कि आउट हो जाओ और कोई दूसरा बल्लेबाजी के लिए आए।

उन्होंने कहा, पहले बल्लेबाजी करते हुए आप इससे अधिक के स्कोर की अपेक्षा नहीं कर सकते। ईमानदारी से कहूं तो यह पर्याप्त स्कोर भी नहीं था क्योंकि दूसरी पारी में ओस आने वाला था।

लेकिन यह एक पार स्कोर था। एक दिन पहले ही अभ्यास से पता चल गया था कि ओस आएगी और दूसरी पारी में बल्लेबाजी आसान होगी। उन्होंने बल्लेबाजी भी अच्छी की।

### आईपीएल टीम बनाने को लेकर अपने दोस्त की हत्या करने वाले दो गिरफ्तार

नैनीताल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीम बनाने को लेकर उत्पन्न विवाद में अपने दोस्त की जान लेने वाले दो युवकों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वेदांत मौर्य, किशन ठाकुर उर्फ बबलू निवासी ढालीपुर ढकरानी, विकास नगर, देहरादून और सुरेन्द्र सिंह निवासी सूर्य विनायक, वार्ड नंबर 05, जिला भक्तपुर, कांडमाठू, नेपाल आपस में दोस्त थे। तीनों का एक:दूसरे का घर आना जाना रहा है। विगत 20 अप्रैल को आईपीएल में टीम बनाने को लेकर वेदांत और उसके दोस्तों में विवाद उत्पन्न हो गया। आरोप है कि पहले दोनों ने वेदांत के साथ मारपीट की और उसके बाद उस पर तमंचे से फायर कर दिया। उसकी मौत हो गयी। मृतक के चाचा सुशील कुमार मौर्य की शिकायत पर टीपी नगर पुलिस ने किशन उर्फ बबलू के खिलाफ अभियोग पंजीकृत जांच शुरू की।

# सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण करना सीखने का अनुभव है : रोपनी



नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर रोपनी कुमारी ने पिछले वर्ष को याद करते हुए कहा कि कैसे भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ खेलने के लगातार अवसरों ने उनके विकास में योगदान दिया और उन्हें सीनियरों से सीखने का अवसर मिला।

रोपनी को हाल ही में 33 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम कोर ग्रुप में नामित किया गया है जो बेंगलुरु के साई केंद्र में प्रशिक्षण ले रही है यह प्रशिक्षण 16 मई तक चलेगा।

सीनियर टीम के साथ प्रशिक्षण के अपने अनुभवों पर बोलते हुए, रोपनी ने कहा, यह मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा है क्योंकि मैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिला सकती हूं। वे हमें लगातार उचित मार्गदर्शन दे रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम हर समय सहज महसूस करें।

यह पूछे जाने पर कि वरिष्ठ खिलाड़ियों से उन्हें क्या सलाह मिली रोपनी ने कहा, वे हमें लगातार सलाह दे रहे हैं कि दबाव से कैसे निपटें और कठिन खेलों के दौरान कैसे शांत रहें। यह उन प्रमुख पहलुओं में से एक रहा है जहां मुझे लगता है कि मैं सुधार कर सकते हैं। यह मेरे लिए काफी सीखने वाला अनुभव रहा है और मुझे लगता है कि इससे मेरी विकास दर को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

सीनियर टीम पदार्पण करने को लेकर उन्होंने कहा, देश का प्रतिनिधित्व करना हर किसी का सपना होता है, और एक टीम के रूप में, हम इस साल अपने विकास पर काफी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मैं और भी अधिक मेहनत करने की उम्मीद कर रहा हूं ताकि जब सीनियर टीम में मेरा नाम इसका हिस्सा बनने के लिए बुलाया जाए तो मैं तैयार रहूं। उन्होंने कहा, मुझे सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है क्योंकि इससे मुझे इस स्तर पर खेली जाने वाली हॉकी के स्तर को समझने में भी मदद मिलेगी।

# चीनी अखबार ने भारत की विदेश नीति पर सवाल उठाए

## ग्लोबल टाइम्स ने लिखा- भारत से दूर हो रहे उसके पड़ोसी; मालदीव ने स्वतंत्र नीति चुनी


Global Times

OPINION / VIEWPOINT

India should realize that the Maldives is not 'taking sides,' it's choosing independence

By Su Lun


माले। मालदीव के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मुइज्जू की जीत के बाद चीनी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भारत की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं। ग्लोबल टाइम्स ने अपने आर्टिकल में कहा है कि भारत नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी (पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देना) पर चलता है। लेकिन पिछले कुछ समय से भारत का रवैया नेबर फर्स्ट पॉलिसी की जगह इंडिया फर्स्ट वाला हो गया है।

भारत साउथ एशिया में जितना अपना दबदबा बढ़ाने की कोशिश करता है, उससे पड़ोसी देश उतने ही दूर हो रहे हैं। इससे साबित होता है कि भारत साउथ एशिया को अपना बैक्यार्ड समझता है। वह साउथ एशियन देशों पर भारत और चीन में से किसी एक को चुनने के लिए दबाव डालता है।

शंघाई इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के प्रोफेसर ल्यू जोंग्यी ने ग्लोबल टाइम्स से कहा कि मालदीव के संसदीय चुनाव इस बात का सबूत हैं कि वहां के लोग अब भारत के आदेश का पालन नहीं करना चाहते हैं। उन्हें स्वतंत्र विदेश नीति का चुनाव किया है। वो आर्थिक और सामाजिक विकास को प्राथमिकता देते हैं।

### भारत मालदीव के आंतरिक मामलों में दखल दे रहा था

ग्लोबल टाइम्स ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा, भारत के आक्रामक रवैये के कारण पड़ोसी देशों में भारत विरोधी भावनाएं पैदा हो रही हैं। भारत- चीन दुश्मन नहीं बल्कि पार्टनर हैं। मालदीव के लोगों ने भी मुइज्जू को इसलिए चुना है क्योंकि उन्हें लगता है कि भारत मालदीव के आंतरिक मामलों में दखल दे रहा है, जिससे उसकी स्वतंत्रता को खतरा है। मालदीव भारत और चीन दोनों से अच्छे रिश्ते रखना चाहता है।

मालदीव के चुनाव उनका आंतरिक मसला है और चीन इस बात का सम्मान करता है। लेकिन कुछ पश्चिमी मीडिया ने इन चुनावों को सुर्खियों में लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव असल में भारत और चीन के बीच मुकाबला है। इसके अलावा भारत में भी कुछ मीडिया आउटलेट ने अपनी रिपोर्ट्स में कहा कि मालदीव का झुकाव चीन की तरफ बढ़ रहा है।

### मालदीव के संसदीय चुनाव में मुइज्जू की पार्टी जीती

दरअसल, मालदीव में 21 अप्रैल को हुए संसदीय चुनावों में राष्ट्र्पति मोहम्मद मुइज्जु की पार्टी को प्रचंड बहुमत मिला था। 93 सीटों पर हुए चुनाव में मुइज्जू की पार्टी नेशनल पीपुल्स कांग्रेस और उनकी समर्थक पार्टियों को 71 सीटें मिलीं।

वहीं भारत समर्थक एमडीपी को मात्र 12 सीटें हासिल हुई। चुनावों में जीत के बाद मंगलवार को मुइज्जू का बयान भी सामने आया। राष्ट्रपति ने कहा कि नतीजों के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पता चलेगा कि मालदीव अपनी संप्रभुता और आजादी के मामले में कभी समझौता नहीं करेगा।

# सुनीता विलियम्स तीसरी अंतरिक्ष यात्रा के लिए तैयार

## 6 मई को बोइंग के कैप्सूल से स्पेस में जाएंगी; कोरोना के चलते टला था मिशन



भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 6 मई को अपनी तीसरी अंतरिक्ष यात्रा पर जाएंगी। वो बोइंग के स्टारलाइनर कैलिप्सो मिशन का हिस्सा होंगी। अमेरिका स्पेस एजेंसी नासा के मुताबिक, मिशन के लिए 2 सीनियर साइंटिस्ट बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को चुना गया है।

फिलहाल सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट पर क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन के पायलट की ट्रेनिंग ले रही है। बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट को 6 मई को रात 10 बजकर 34 मिनट पर एलायंस एटलस वी रॉकेट पर लॉन्च किया जाएगा। इस मिशन के लिए नासा की मदद ली गई है।

### दो हफ्ते तक आईएसएस में रहेंगे दोनों अंतरिक्ष यात्री

अमेरिका स्पेस एजेंसी कल (25 अप्रैल) स्पेसक्राफ्ट के बारे में पूरी जानकारी साझा करेगी। स्पेस एजेंसी के मुताबिक, स्पेसक्राफ्ट को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स-41 से लॉन्च किया जाएगा।

दोनों यात्री दो हफ्ते तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में रहेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दरअसल, पहले यह स्पेसक्राफ्ट जुलाई 2022 में रवाना होने वाला था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इसे एक साल के लिए टाल दिया गया था।

### फिलीपींस में लू से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुयी

मनीला। फिलीपींस में इस साल एक जनवरी से 18 अप्रैल तक गर्मी से जनित बीमारियों के करीब 34 मामले सामने आये हैं और छह मौतों की पुष्टि हुयी है। फिलीपींस के स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीओएच के सहायक सचिव अल्बर्ट डोमिंगो ने कहा, मौत के कारणों की जांच की जा रही है। ये मामले मध्य फिलीपींस के मध्य विसायस क्षेत्र, उत्तरी फिलीपींस के इलोकोस क्षेत्र और दक्षिणी फिलीपींस के सोक्सक्ससर्जन क्षेत्र से हैं। राज्य मौसम ब्यूरो की गर्मी सूचकांक के 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक खतरे स्तर तक पहुंचने की चेतावनी के बाद मनीला सहित पांच क्षेत्रो के ग्यारह इलाकों में आज व्यक्तिगत कक्षाएं निलंबित कर दी गयीं।

### ऑस्ट्रेलिया : सिडनी चर्च में पादरी पर हमले के बाद सात किशोर गिरफ्तार

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के वेकले चर्च में एक पादरी पर चाकू से जानलेवा हमला किये जाने के बाद बुधवार को संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान में सात किशोरों को गिरफ्तार किया गया। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) के उपायुक्त क्रिसी बैरेट ने एक संवाददाता सम्मेलन में गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा, सात लोगों, सभी किशोर, को गिरफ्तार किया गया है और अन्य पांच पूछताछ में पुलिस की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कथित वेकले चाकूबाजी की हमारी संयुक्त काउंटर टेररिज्म टीम (जेसीटीटी) जांच के तहत हमने आरोपी तथा उसके सहयोगियों और साथियों के नेटवर्क के बीच संबंधों की पहचान की है, जिनके बारे में हमारा मानना है कि वे एक समान हिंसक चरमपंथी विचारधारा साझा करते हैं। यह अभियान स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11ः15 बजे शुरू हुआ, जिसमें एएफपी और न्यू साउथ वेल्स पुलिस बल (एनएसडब्ल्यूपीएफ) के 400 से अधिक अधिकारी शामिल थे। दक्षिण-पश्चिमी सिडनी में कुल 13 तलाशी वारंट को अमल में लाया गया। एनएसडब्ल्यूपीएफ के उपायुक्त डेविड हडसन ने बताया कि 16 वर्षीय अपराधी की गिरफ्तारी के बाद उसके कई सहयोगियों की पहचान की गयी, जिन पर और अधिक ध्यान देने तथा जांच की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हम आरोप लगाएंगे कि ये व्यक्ति धार्मिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथी विचारधारा का पालन करते हैं।

### संरा गाजा पट्टी में सामूहिक कब्र पाये जाने पर चिंतित

संयुक्त राष्ट। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख ने बुधवार को गाजा पट्टी के नासिर और अल-शिफा अस्पताल नष्ट होने और सामूहिक कब्रों की रिपोर्टों पर गहरी चिंता जतायी। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी वोल्कर तुर्क ने इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष के दौरान नासिर तथा अल-शिफा अस्पतालों के मरने वालों की निष्पक्ष जांच का आह्वान किया। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नासिर में 283 शव निकाले हैं। इनमें से कुछ के हाथ बंधे हुए थे। यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मृत्यु कैसे हुई या उन्हें कब दफनाया गया ? इजराइल की सेना ने कहा कि शवों को दफनाने का जो दावा किया है वह निराधार है। लेकिन इसमें यह जरूर कहा गया कि फरवरी में खान यूनिस शहर के अस्पताल में दो सप्ताह के ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों ने फिलिस्तीनियों द्वारा दफनाए गए शवों की उन जगहों पर जांच की, जहां खुफिया जानकारी ने बंधकों की संभावित उपस्थिति का संकेत दिया था। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह वर्तमान में फिलिस्तीनी अधिकारियों की रिपोर्ट की पुष्टि पर काम कर रहा है कि नासिर अस्पताल के मैदान में 283 शव पाए गए हैं, जिनमें से 42 की पहचान की जा चुकी है। श्री तुर्क ने कहा, इसमें अंतरराष्ट्रीय जांचकर्ताओं को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अस्पताल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत विशेष सुरक्षा के हकदार हैं।

### अमेरिका में टिकटॉक पर लग सकता है प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने एक विधेयक को मंजूरी दी है, जिसके तहत राष्ट्रीय सुरक्षा आशंकाओं के कारण टिकटॉक पर अमेरिका में प्रतिबंध लगाया जा सकता है। समाचार रिपोर्टों में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। यह विधेयक जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के पास भेजा जायेगा, जिन्होंने अपने डेस्क पर पहुंचते ही इस पर हस्ताक्षर करने का संकल्प ले रखा है। इस विधेयक के तहत टिकटॉक के चीनी मालिक बाइटडांस को अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए नौ महीने का समय दिया गया है, अन्यथा ऐप को अमेरिका में ब्लॉक कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि सभा से मंजूरी मिलने के बाद यह विधेयक सीनेट में पहुंच गया है। अमेरिका को चिंता है कि देश भर में 17 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता वाले टिकटॉक का इस्तेमाल अमेरिकी नागरिकों पर जासूसी करने या दुष्प्रचार करने के लिए किया जा सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश नहीं है। भारत ने 2020 में गलवान में चीनी सेना के साथ झड़प के बाद कई अन्य चीनी ऐप के साथ टिकटॉक पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# बुनियादी समझ को मजबूत करने के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**ललित कुमार गोठवाल**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोच्छी में निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक विद्यालयों के लिए चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज जी ,खंड शिक्षा अधिकारी अशोक काद्यान जी ने सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया। अध्यापकों को प्रेरित करने के लिए जिला एफ एल एन संयोजक सुदर्शन पुनिया जी व SPI सदस्य अनन्या जी भी उपस्थित रहीं । खंड शिक्षा अधिकारी श्री अशोक जी ने अध्यापकों को नामांकन बढाने तथा एफ एल एन गतिविधियों को रुचिपूर्ण ढंग से करने के लिए प्रेरित किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष जी ने अध्यापकों को खुद से प्रेरित होकर,अपने कर्तव्य को न भूलते हुए काम करने के लिए कहा । अध्यापक अपनी गरिमा बनाएं रखें क्योंकि प्राथमिक अध्यापक बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। एफएलएन संयोजक सुदर्शन पूनिया जी ने प्रशिक्षण में अध्यापकों को प्रेरित करते हुए एफएलएन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एफएलएन पूरे भारतवर्ष का प्रोग्राम है जो NEP का भाग है अत: हमें एफएलएन का अनुसरण करते हुए बुनियाद को मजबूत बनाना है उन्होंने बताया कि जब सभी कार्य ,शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग, अभ्यास पुस्तिकाओं का प्रयोग, गतिविधि आधारित शिक्षण पिछडे बच्चों पर काम आदि सभी पर ध्यान देंगे तभी इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकेगा इसके लिए हम अपनी कमियों का दोषारोपण ना करें बल्कि अपने कार्य द्वारा अभिभावकों का विश्वास हासिल करें तभी हम प्राथमिक विद्यालय में छात्रों की संख्या को बढ़ा सकते हैं । उन्होंने बताया कि नैतिक मूल्य बच्चों को सिखाए नहीं जाते बल्कि अध्यापक का अनुकरण करके व अपने आसपास के द्वारा सीखे जाते हैं। शिक्षण में बच्चों की रुचि बढ़ाएं तथा भाषा अनुशासन पर भी ध्यान दें। प्रशिक्षण के दौरान केआरपी सुनीता वह संगीता सरिता उर्मिला पवन तथा प्रशिक्षण संचालन में मदद के लिए प्राजंलि वह जयवीर की भी उपस्थित रहे।


## डिश टीवी द्वारा डिशटीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज के साथ मनोरंजन इंडस्ट्री में आई क्रांति




मुंबई( अनिल बेदाग)। डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव डिश टीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है। डिश टीवीस्मार्ट प्लस सर्विसेज के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं। डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं के साथ भी सहयोग करेगा, जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा।

## शार्ट न्यूज

### आयशा खान का वीडियो वो था मेरे शहर में कल होगा रिलीज़ .!




मॉडल अभिनेत्री आयशा खान अभिनीत वीडियो सॉन्ग वो था मेरे शहर में आज यूट्यूब चैनल DRJ RECORDS INDIES पर कल होगा रिलीज़ । इस गाने में खूबसूरत मॉडल अभिनेत्री आयशा खान और समीर मार्क की युगल जोड़ी बेहद खूबसूरती से परफॉर्म करते हुए नज़र आ रही है। इस जोड़ी ने अपनी अदाकारी से इस गाने को और भी बेहतरीन बना दिया है ।इस गाने की हर एक पंक्ति और उसपर आयशा खान की प्रस्तुति बेहद दमदार और आकर्षक दिखाई पड़ रही है ।इस गाने में इमोशन और रोमांस का समिश्रण दिखाया गया है जो कि इस वीडियो सॉन्ग को और भी दिलचस्प बना रहा है । गाने के बोल वो था मेरे शहर में एक युगल जोड़ी की प्रेम की दास्ताँ है जिसमें मोहब्बत है, रुसवाई है और दोनों के प्रति समर्पण भी है ।आयशा खान इस गाने को लेकर कहती हैं कि हमने अपने हिस्से से भरपूर मेहनत किया है इस गाने के लिए , लखनऊ के विभिन्न जगहों पर हमने इस गाने को फिल्माया है, यह एक बेहद खूबसूरत गाना बना है, उम्मीद है कि दर्शक इसे भरपूर प्यार देंगे ।

### फूस के पांच घर मय गृहस्थी जलकर राख

**संवाददाता। गौरवशाली भारत**



कर्नलगंज,गोण्डा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की सुबह आग लगने से फूस के पांच घर मय गृहस्थी जलकर राख हो गए। घटना कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम बुढ़वलिया से जुड़ी है। बुधवार की सुबह यहां सन्तराम राव के छप्पर में अचानक आग लग गई। ज़ब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने अपना उग्र रूप धारण कर लिया और एक के बाद एक घर को अपने आगोश मे लेने लगी। ग्रामीण फायर विभाग को सूचित करके आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे,तब तक दमकल वाहन के साथ फायर कर्मी पहुंच गए। करीब एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सुरेंद्र राव,उमेश, अवध राम वर्मा व अली अहमद का छप्पर का घर मय गृहस्थी जलकर राख हो गया। हल्का लेखपाल नौसाद अली ने बताया की पांच लोगों के छप्पर के घर मय गृहस्थी जले हैं। जांच कर रिपोर्ट उच्चधिकारियों को सौंपी जा रही है।

### पद्मश्री डॉ. मुकेश बत्रा ने अपनी 10वीं किताब 'फील गुड, हील गुड लॉन्च की




मुंबई (अनिल बेदाग)। पद्मश्री से सम्मानित एवं होमियोपैथी क्लिनिक्स की सबसे बड़ी श्रृंखला डॉ. बत्राज़ हेल्थकेयर के संस्थापक डॉ. मुकेश बत्रा ने अपनी 10वीं किताब 'फील गुड, हील गुड. स्टेइंग हैप्पी विद होमियोपैथी' लॉन्च की है। ब्लूम्सबरी द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के लॉन्च समारोह में मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर एक बेहद उपयोगी पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें मंदिरा बेदी, राजीव बजाज, मधु, जाएद खान और डॉ आशीष कॉन्ट्रैक्टर ने हिस्सा लिया। पैनल चर्चा का संचालन तारा देशपांडे ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए, पद्मश्री, डॉ. मुकेश बत्रा ने कहा, इस किताब में पिछले 50 वर्षों के दौरान भावनात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों का इलाज करने के मेरे मेडिकल अनुभवों का समावेश है। इसमें चिंता, डिप्रेशन, एडीएचडी, तनाव और अकेलापन जैसी समस्याओं को रोकने, इनके सुरक्षित होमियोपैथी उपचार जिनकी आदत ना लगे और सेल्फ-हेल्प उपायों के बारे में बताया गया है। इस किताब के जरिये मैंने जागरूकता निर्माण करने के साथ ही आम लोगों के बीच चर्चा से दूर इन मुद्दों पर बहस शुरु करने तथा इनके समाधान पेश करने का प्रयास किया है।

### पति प्रशंसा दिवस पर लिज़ा मलिक ने किया पति के साथ तनावपूर्ण रिश्ते की फैली फर्जी अफवाहों का खंडन



मुंबई (अनिल बेदाग)। लिज़ा मलिक भारतीय मनोरंजन उद्योग की एक प्रतिभाशाली कलाकार हैं, जो उन चीजों के बारे में मधुर और अभिव्यंजक होने के लिए जानी जाती हैं जो उनके लिए मायने रखती हैं। चाहे सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के प्यार का सबसे मनमोहक तरीके से जवाब देना हो या अपने प्रेरक वास्तविक व्यक्तित्व की झलक साझा करना हो, वह सब कुछ अच्छे प्रभाव के लिए करती है। उनका इंस्टाग्राम सौंदर्यशास्त्र खेल काफी मजबूत है और यही कारण है कि, जब भी वह सोशल मीडिया पर सुंदर और दिलचस्प पोस्ट साझा करती हैं, तो नेटिज़न्स इसे पसंद करते हैं। अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली तस्वीरें और वीडियो साझा करने से लेकर अपने मनमोहक फर बेबी के प्रति अपने प्यार का इज़हार करने तक, हमने लिज़ा को यह सब करते देखा है। हालाँकि, विशेष रूप से अपने पति को समर्पित उनकी नवीनतम पोस्ट कई कारणों से चर्चा का विषय है। हाल ही में, लिजा और उसके पति के बीच तनावपूर्ण रिश्ते के बारे में फर्जी अफवाहें फैल रही हैं। हालाँकि लिज़ा ने इस मामले पर पूरी गरिमा बनाए रखी है और बहस के बजाय चुप्पी को चुना है, ऐसा लगता है जैसे उसने इन अफवाहों का जवाब सबसे मधुर लेकिन सबसे क्रूर तरीके से दिया। पति प्रशंसा दिवस के अवसर पर, लिज़ा मलिक ने अपने पति की विशेषता वाला एक मनमोहक वीडियो साझा किया।

## संविधान खतरे में के नारे पर सासद अरविंद शर्मा का विपक्ष को जवाब



**ललित कुमार गोठवाल**

झज्जर। भाजपा प्रत्याशी और रोहतक के सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा ने कांग्रेस पार्टी सहित विपक्ष के उन आरोपों का सख्त लहजे में जवाब दिया है जिसमें मोदी राज में संविधान के खतरे में होने की बात कही गई है। अरुण शर्मा का कहना है कि सच्चाई तो यह है कि कांग्रेस और विपक्ष अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए इस प्रकार के आरोप लगा रहा है।
जबकि सच्चाई तो यह है कि देश में यदि संविधान की धज्जियां किसी पार्टी ने उड़ाई हैं तो वह केवल कांग्रेस पार्टी ही है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान के उलट काम किया है। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के संविधान का पूरा सम्मान करती है और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के उच्च आदर्शों का अनुसरण करती है। डॉ अरविंद शर्मा अपने चुनावी कार्यक्रम के तहत झज्जर हलके के विभिन्न गांव में जनसभाओं के दौरान मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे।
उन्होंने दीपेंद्र हुड्डा द्वारा अपने पक्ष में विकास के नाम पर वोट मांगे जाने पर अभी चुटकी ली।

## बलिया में महिला ने कहासुनी में की पति की हत्या

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक महिला ने आपसी विवाद में अपने ही पति के गले पर धारदार हथियार से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिवपुर दीयर नंबरी गांव निवासी दीनदयाल प्रसाद (55) का बुधवार को उसकी पत्नी हिरामुन्त्री देवी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान उसकी पत्नी ने किसी धारदार हथियार से दीनदयाल के गले पर प्रहार कर दिया और वहां से फरार हो गई। घटना के बाद दीनदयाल को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे वाराणसी रेफर कर दिया। जहां बुधवार की रात्रि उसकी मौत हो गई। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में दीनदयाल के परिजनों की तहरीर पर आरोपी हिरामुन्नी देवी के विरुद्ध भारतीय डंड संहिता की सुसंगत धारा के तहत नामजद मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## हनुमान जयंती पर निकली गई कलश यात्रा

**ललित कुमार गोठवाल**



- यात्रा का शुभारंभ घढी माता मंदिर मेन बाजार से हजारों श्रद्धालुओं ने निशान यात्रा निकाली और सभी ने ढोलबाजे के साथ नाचकर इस यात्रा का आनंद लिया।
- आई आर एस अधिकारी वीरेंद्र सिंह कलश्यान ने की शिरकत।

झज्जर शहर के मेन बाजार स्थित घढी माता मंदिर से हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान निशान यात्रा निकाली गई ।और इस निशान यात्रा में जमीनी स्तर से जुड़े और धार्मिक आस्था रखने वाले झज्जर के गांव सूरजगढ़ के रहने वाले आई आर एस अधिकारी वीरेंद्र सिंह कलश्यान ने इस यात्रा में मुख्य रूप से शिरकत की और उन्होंने करीबन ग्यारह फुट ऊंची निशान ध्वज उठा इस कार्यक्रम कि शुरुवात की इस कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हुए आई आर एस अधिकारी और प्रमुख समाज सेवी वीरेंद्र सिंह कलश्यान ने कहा कि उनका हमेशा से ही धार्मिक कार्यों में और समाजिक कार्यों में मन लगता है धर्म से बड़ा और समाज से बड़ा कुछ नही है इंसान कितना भी अपने जीवन में संघर्ष कर ले लेकिन उसको धर्म और समाज के काम करते रहना जरूरी है ।उन्होंने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सभी को बधाई दी और हमेशा लोगो के होने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यों में जो भी मदद की आवश्कता हो उसके लिए हर मदद करने की बात कही ।इस निशान यात्रा का शुभारंभ घढी माता मंदिर से लेकर सिलानी गेट, तीन मूर्ति मंदिर, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक से होती हुई मेन बाजार में जाकर माता मंदिर में इसका समापन हुआ ।इस निशान यात्रा में महिलाएं,बच्चे,और शहर भर के लोगो ने हनुमान के भजनों के साथ डी जे की धुन पर नाचकर इस यात्रा का आनंद लिया।

## अपराध मुक्त प्रदेश होने कारण संरक्षण देने वालों में है बौखलाहट : स्वाती सिंह



लखनऊ। जो व्यक्ति खुद अपराधियों को संरक्षण देता हो,उसको टिकट देकर उसके प्रचार में कसीदे गढ़ता है। उसमें आज अपराध मुक्त प्रदेश होने पर बौखलाहट बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता सब जानती है। इस चुनाव में उसके खाते भी नहीं खुलने वाले हैं। यही नहीं एक पार्टी तो सत्ता में रहने के बावजूद आज शून्य पर पहुंच चुकी है। पार्टी प्रमुख महिला होते हुए भी वहां एक भी महिला का सम्मान नहीं हुआ और वे आज भाजपा को नसीहत दे रही हैं। ये बातें भाजपा नेत्री और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहीं।

वे बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती द्वारा अलीगढ़ में मंगलवार को दिये गये बयान का जवाब दे रही थीं। अखिलेश यादव ने एक जनसभा में कहा था, 'बीजेपी वालों ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का गोदाम बना दिया है।' वहीं मायावती ने कहा था, 'गारंटीबाजी व जुमलेबाजी भाजपा के का नहीं आयेगी।' स्वाती सिंह ने बिना नाम लिये कहा कि विपक्ष की बौखलाहट बोल रही है। इस बार इकाई अंक से ऊपर विपक्ष के किसी भी राजनीतिक दल को सीट नहीं मिलने जा रही है। पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत विकास यात्रा में अपना योगदान देना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि जिसने पूरा कार्यकाल भ्रष्टाचार किया हो, उसमें बौखलाहट होना स्वाभाविक है। आज जब भ्रष्टाचारी जेल जा रहे हैं तो सभी भ्रष्टाचारी मिलकर गठबंधन कर रहे हैं। उन्हें डर है कि वे भी आज नहीं तो कल जेल जाएंगे। वे खुद जानते हैं कि भ्रष्टाचार तो उन्होंने भी किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण देश का सिर ऊंचा हो गया है। पूरा विश्व भारत की सराहना कर रहा है। शिक्षा हो या अर्थव्यवस्था दोनों ही रोज नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

## मोदी यूपी में करेंगे ताबड़तोड़ जनसभायें

लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरूवार को आगरा, बरेली व शाहजहांपुर में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगें। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि श्री मोदी दोपहर 12: 45 बजे कोठी मीना बाजार ग्राउण्ड, आगरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। श्री मोदी दोपहर 02: 45 बजे सैनिक पडाव, आलमपुर जाफराबाद बरेली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री शाम साढ़े चार बजे आंवला संसदीय क्षेत्र में बरेली बदायूं मार्ग स्थित ग्राम चाड़पुर के पास प्रस्तावित चुनावी जनसभा में भाग लेंगे। आंवला संसदीय क्षेत्र में आयोजित होने वाली जनसभा में बरेली, आंवला और बदायूं संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी, कार्यकर्ता और आम लोग भाग लेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर सवा दो बजे रामलीला ग्राउण्ड जसवन्तनगर, इटावा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उधर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह गुरूवार को कानपुर देहात और लखीमपुर खीरी के प्रवास पर रहेंगे। वह पौने 11 बजे बिलावि मेमारियल ग्राउण्ड हॉल, लखीमपुर खीरी में भाजपा प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा टेनी की नामांकन सभा में सम्मिलित होंगे ।

## दलित महिला से मारपीट करने पर 5 पर मुकदमा

**संवाददाता। गौरवशाली भारत**

रेहरा बाजार/बलरामपुर। दलित महिला के साथ साथ छेडछाड जाति सूचक गाली गलौज ,मारपीट, छिनैती करने व उसके पति को मारकर मरणासन्न कर देने के मामले में तीन नामजद व दो तीन अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थाना रेहराबाजार के अधीनपुर निवासिनी शिल्पाराज पत्नी दुर्गेश दूबे ने रेहराबाजार थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पीड़ित अपने पति दुर्गेश दूबे के साथ रेहराबाजार में सादुल्ला नगर मार्ग पर स्थित आइस्क्रीम खा रही थी। अचानक चौपहिया वाहन सवार पांच छह लोग उतरे पीड़िता के साथ गाली गलौज और छेडछाड करने लगे आपत्ति करने पर मारपीट करने लगे व गले में पहनी सोने का चैन छीन लिया मेरे पति दुर्गेश दूबे पत्नी के बचाव में आए तो उक्त लोगों ने धारदार हथियार से उनके सर पर वार कर दिया जिससे सर फट गया वह मुर्छित होकर जमीन पर गिर गये। शोर मचाने पर आस पास के लोग जमा होने लगे तब वाहन में सवार होकर उक्त लोग फरार हो गए घटना के संबंध में शिल्पाराज ने सुधीर पांडेय, सोनू पांडेय, रिंकू वर्मा निवासी ग्राम रघुनाथ पुर इटवा, थाना रेहराबाजार जनपद बलरामपुर व दो तीन अज्ञात के विरूद्ध एस सी/एस टी नृशंसता निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं सहित, मारपीट कर मरणासन्न कर देने, छिनैती, छेडछाड आदि का मुकदमा पंजीकृत कराया है। प्रभारी निरीक्षक रेहराबाजार ओ पी चौहान ने बताया कि उक्त मामले में मुकद्दमा पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी उतरौला को सौंप दी गई है।

## हनुमान जन्मोत्सव स्माहरो सिद्धिपुर लोवा में मनाया

### बजरंगबली के जयकारों से गूंजा गांव भक्तों ने पवन पुत्र का लिया आशीर्वाद

**ललित कुमार गोठवाल**




झज्जर। लोवा 17 के पूर्व प्रधान स्वर्गीय चौधरी श्री चंद मान व उनकी धर्मपत्नी वेदवंती मान द्वारा शुरू किया गया हनुमान जन्मोत्सव समारोह का मंगलवार को 63वा आयोजन उनके पुत्रों अशोक मान दलवीर मान सिकंदर मान द्वारा लोवा सिद्धिपुर गांव में धूमधाम से मनाया गया बजरंगबली के जयकारों और स्वर्गीय श्री चंद मान अमर रहे स्वर्गीय वेदवती मान अमर रहे और जय श्री राम के नारों के साथ प्रात हवन यज्ञ के साथ 63 वे हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ किया गया हनुमान जन्मोत्सव समारोह में पालम 360 खाप की समस्त सरदारी महरौली 96 सुरहेड़ा 18 ढांसा 12 मुंढेला चोगामा गुलिया 84 कादियान सहित विभिन्न तपे खापो सहित राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा विधायक डॉक्टर कुलदीप वत्स आदि गणमान्य लोगों ने हनुमान जी के विशाल चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया और श्री चंद प्रधान को भी नमन किया मेहंदीपुर बालाजी से आए धर्मशाला समिति सदस्य द्वारा अशोक मान को सम्मानित किया गया अपने पिता श्री चंद्र मान माता वेदवती मान की स्मृति में 30 लाख रुपए की लागत से बनवाए गए कमरे के लिए आभार जताते हुए अशोक मान को लोई पहनाकर वह स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर आभार जताया गया एक दिन पूर्व आयोजित दशोरी कारज धर्म यज्ञ की ऐतिहासिक सफलता में योगदान देने वाले सभी सम्मानित जनों का मान परिवार की ओर से आभार जताया गया इस कार्यक्रम के दौरान हनुमान जयंती समारोह का मंच संचालन दादा देव मंदिर पालम के प्रधान हरीश पालम वह मास्टर फौजी राम डागर झाडोधा ने संयुक्त रूप से किया ।हनुमान जन्मोत्सव समारोह को अशोक मान सिकंदर मान ने संबोधित करते हुए सभी का आभार जताया साथ ही पालम 360 के प्रधान रामकुमार सोलंकी महरौली 96 के प्रधान चौधरी पृथ्वी सिंह तिहाड़ 28 के प्रधान राकेश नंबरदार सुरहेडा 28 के प्रधान देवेंद्र यादव ढासा 12 के प्रधान खजान सिंह डागर भारतीय किसान यूनियन दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष दलजीत सिंह डागर गुलिया 84 खाप के प्रधान सुनील गुलिया, नौगामा के प्रधान मनजीत,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मेवाड़ में महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई



गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में महावीर जयंती समारोह में छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर महावीर जी के प्रति अपनी आस्थाएं व्यक्त कीं। भजन, गीत, सम्भाषण व कविता पाठ कर उन्होंने भगवान महावीर के आदर्शों व सत्कार्यों को रेखांकित किया। इस मौके पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि जियो और जीने दो, स्वयं पर नियंत्रण रखो, सह-अस्तित्व को कायम रखो, स्वयं को शुद्ध करो और समाज को अच्छा बनाओ की कला केवल जैन धर्म में ही मिलती है। भगवान महावीर ने तमाम तकलीफें सहकर भी देश व समाज की उन्नति के लिए संघर्षरत रहने की प्रेरणा दी। भगवान महावीर देश के हर वर्ग व समुदाय के प्रणेता हैं। महावीर के कार्यों व आदर्शों को अपनाने के लिए उनकी जीवनी पढ़ना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर किसी एक धर्म के नहीं बल्कि सभी धर्मों के प्रणेता हैं। उन्होंने करूणा, प्रेम व वात्सल्य के महत्व को जन-जन तक बड़ी सहजता से पहुंचाया। भगवान महावीर के उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। आज के दौर में समाज जिस हिंसा की राह पर चल निकला है, महावीर के अहिंसावादी उपदेश ही उसे रोक सकते हैं।

## सेक्सी और कामुक नीली पोशाक में निकिता रावल का मैजिक



मुंबई (अनिल बेदाग)। निकिता रावल भारतीय मनोरंजन उद्योग में सबसे हॉट और सबसे सनसनीखेज नामों में से एक है। एक प्रदर्शनकारी कलाकार के रूप में, उन्होंने हमेशा मात्रा से पहले गुणवत्ता पर भरोसा किया है और यही कारण है कि, वह हमेशा अपनी अनूठी जगह बनाकर सफलतापूर्वक काम करने में सफल रही हैं। बार-बार, निकिता अपनी अप्रतिरोध्य कामुकता और परी-जैसे आकर्षण से हर किसी को मंत्रमुग्ध करती रहती है और कोई आश्चर्य नहीं, जब भी ऐसा होता है तो हम हमेशा एक दृश्य के लिए तैयार रहते हैं। आकर्षण की बात करें तो, उनकी एक नवीनतम तस्वीर सभी सही कारणों से वायरल हो रही है। निकिता, जो वास्तव में एक दिवा उम्र बढ़ने का सबसे आदर्श उदाहरण है, ने एक सेक्सी और कामुक नीली पोशाक में कुछ चमकदार और उत्साहपूर्ण तस्वीरें खींचीं। हम उसे पूरे आत्मविश्वास के साथ इसे करते हुए देखते हैं और कोई आश्चर्य नहीं, हम उसके लुक से आश्चर्यचकित हैं। इस तथ्य को देखते हुए कि वह जिम में पसीना बहाती है और स्वस्थ आहार का पालन करती है, उसके कर्व निश्चित रूप से इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। उनकी खूबसूरत फिट मिड्रिफ और खूबसूरत नाभि अक्सर लोगों की खूब तारीफें बटोरती है और इस बार भी कुछ अलग नहीं था। इस तथ्य को देखते हुए कि वह एक प्राकृतिक सुंदरता है, उसका न्यूनतम मेकअप और सहायक उपकरण उसे आकर्षक बनाने के लिए पर्याप्त थे। तस्वीरें एक विदेशी स्थान पर ली गई थीं, जहां निकिता अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रही हैं।